

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो०: 9891706853 9802414328


TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 163 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 29 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


# PM मोदी का विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार

## 'भ्रष्टाचार में शामिल सभी चेहरे एक साथ एक मंच पर आ रहे हैं'

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त नेता एक साथ, एक मंच पर आ रहे हैं और कुछ दलों ने मिलकर ह्यभ्रष्टाचारीह्न बचाओ अभियान छेड़ा हुआ है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी ह्यभारत विरोधी शक्तियोंह्न का एकजुट होना स्वाभाविक है.



उन्होंने कहा, ह्ययह शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं.ह्न उन्होंने कहा कि आज भारत का सामर्थ्य अगर फिर बुलंदी की तरफ जा रहा है, तो इसके पीछे उसकी एक मजबूत नींव है, जो उसकी संवैधानिक संस्थाओं में है. उन्होंने कहा, ह्यइसलिए आज भारत को रोकने के लिए हमारी इस नींव पर चोट की जा रही है. संवैधानिक संस्थाओं पर प्रहार किया जा रहा है. उन्हें बदनाम करने का अभियान छेड़ा जा रहा है. उनकी विश्वसनीयता खत्म करने की साजिश की जा रही है.

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्यवाही करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं. उन्होंने कहा, ह्यन्यायिक प्रणाली पर हमले होते हैं. आप सब देख रहे हैं कुछ दलों ने मिलकर भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान छेड़ा हुआ है. आज भ्रष्टाचार में लिप्त जितने भी चेहरे हैं, वह सब एक साथ, एक मंच पर आ रहे हैं.

पीएम मोदी ने कहा कि यह पूरा देश या देख रहा है और समझ भी रहा है. उन्होंने कहा, ह्यभ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है.ह्न उल्लेखनीय है कि संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में पहले दिन से ही दोनों सदनों में हंगामे के कारण अवरोध की स्थिति बनी हुई है. कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाने की मांग कर रहे हैं.

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानि के एक मामले में दोषी करार दिए जाने तथा दो साल के कारावास की सजा सुनाये जाने के बाद उन्हें निचले सदन की सदस्यता से अयोग्य करार दिये जाने के मद्देनजर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन और तेज हो गया है. कांग्रेस के इस प्रकार के प्रदर्शनों में उसे अन्य विपक्षी दलों का भी साथ मिला है.

पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की, जबकि पिछले नौ सालों में भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जो अभियान चलाया, उसने आज भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों दोनों की जड़ें हिला दी हैं. उन्होंने कहा, ह्ययह इस बात का प्रमाण है कि जब भाजपा आती है, तो भ्रष्टाचार भागता है.

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ली चुटकी

## अगर केजरीवाल की तरह राहुल गांधी भी माफी मांग लेते तो नहीं मिलती सजा

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,**

रॉंची (झारखंड ) 28 मार्च 2023:-झारखंड बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस के राष्ट्रिय नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर चुटकी ली है. उन्होंने कहा कि अगर केजरीवाल की तरह राहुल गांधी भी माफी मांग लेते तो उनको सजा नहीं मिलती. बाबूलाल मरांडी पलामू दौरे के क्रम में लातेहार जिले के बेतला नेशनल पार्क पहुंचे थे. इसी दौरान उन्होंने कहा कि देश में सभी के लिए एक कानून है. इसी कानून के तहत राहुल गांधी की सदस्ता रद्द हुई है. राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होना कोई नयी बात नहीं है. इसी कानून के तहत 32 और लोगों की भी सदस्यता रद्द हुई है. बाबूलाल मरांडी ने इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर भी चुटकी ली. उन्होंने कहा कि किसी भी जाति या समुदाय को गाली देना कानूनन अपराध है. ऐसे में कोई भी व्यक्ति कोर्ट में जाकर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज करा सकता है. लेकिन यदि दोषी व्यक्ति गलती मानकर माफी मांग लेता है तो वह सजा से बच



सकता है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अबतक कई बार माफी मांग चुके है. केजरीवाल जब सार्वजानिक रूप से किसी को गाली देते है, उसके बाद जब उनपर कानूनी कार्रवाई शुरू होती है. तो चुपचाप अपनी गलती मानते हुए माफी मांग लेते है. लेकिन राहुल गांधी अपराध करेंगे और माफी भी नहीं मांगेंगे. इसके बाद भी वे चाहेंगे कि उन्हें सजा ना मिले तो ऐसा नहीं होगा.







**रिपोर्टर चाहिए दिल्ली नोएडा से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र को**

* देश में तेजी से फैलते दैनिक समाज जागरण सीपी एच को अंशकालीन पत्रकारों की आवश्यकता है।

अपने क्षेत्रों में रहकर एरिया वाइस युवक युवतियां हरियाणा पंजाब हिमाचल के हर क्षेत्र से विज्ञापन प्रतिनिधि और रिपोर्टर संपर्क करें *

योग्यता अनुसार मानधन दिया जाएगा संपर्क 9802414328


## हिमाचल प्रदेश रेरा को ई-गर्वनेंस पुरस्कार

## रेरा के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने नई दिल्ली में प्राप्त किया पुरस्कार-

**के आर अरुण/टीना ठाकुर-**

नई दिल्ली/शिमला/ दैनिक समाज जागरण- हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) को उपभोक्ता अनुकूल वेब पोर्टल विकसित करने के लिए कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा विशेष अभिरुचि समूह (एसआईजी) ई-गवर्नेंस पुरस्कार से नवाजा गया है। रेरा के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने नई दिल्ली में यह पुरस्कार प्राप्त किया।

श्रीकांत बाल्दी ने बताया कि इस उपभोक्ता अनुकूल वेब पोर्टल का डिजाइन और विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) हि. प्र. द्वारा ओमिडयार नेटवर्क और प्रैक्सिल ग्लोबल एलायंस के सक्रिय मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया गया है। उन्होंने कहा कि रेरा का प्राथमिक उद्देश्य पारदर्शिता लाते हुए रियल एस्टेट परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करना और रियल एस्टेट खरीदारों में विश्वास बनाए रखना है।




उन्होंने कहा कि यह एक सरल, पारदर्शी और उपभोक्ता केंद्रित वेब पोर्टल है जो सभी हितधारकों, आम लोगों यानि घर खरीदारों अथवा आवंटियों, प्रमोटर्ज, एजेंटों की मदद करने के लिए विकसित किया गया है। इस वेब पोर्टल में चार मॉड्यूल शामिल हैं। इनमें रियल एस्टेट परियोजनाओं एवं रियल एस्टेट एजेंट का ऑनलाइन पंजीकरण, त्रैमासिक एवं वार्षिक प्रगति रिपोर्ट को ऑनलाइन भरना, पीड़ित व्यक्तियों द्वारा शिकायत दर्ज करना और पंजीकरण से पहले एवं पश्चात की सुविधा शामिल है।

श्रीकांत बाल्दी ने कहा कि रेरा की वेबसाइट (http://www.hprera.in/WebSite/Home )के माध्यम से रियल एस्टेट परियोजनाओं के स्थल एवं इसके निर्माण की स्थिति, प्लॉट, अपार्टमेंट एवं वाणिज्यिक इकाइयों की उपलब्धता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमोटर्ज को पंजीकरण के लिए मामले ऑनलाइन अपलोड करने के लिए चौबीस घण्टे सुविधा उपलब्ध है। सभी प्रमोटर्ज बल्क ई-मेलिंग/एसएमएस प्रणाली से जुड़े हैं तथा इसमें उन्हें परियोजना के पंजीकरण और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने तथा प्राधिकरण के महत्वपूर्ण निदेर्शों के बारे में सूचना प्रदान की जाती है।

उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट परियोजना के पंजीकरण से पहले तथा इसके पश्चात की प्रक्रिया के लिए विभिन्न विभागों एवं निगमों से अनापत्ति प्रमाण पत्र, स्वीकृति एवं अनुमति लेने की सुविधा प्रदान की गई है। परियोजना आरंभ करने के लिए समय पर अनुमोदन प्राप्त करने में यदि उन्हें संबंधित विभागों एवं बोर्डों में किसी भी असुविधा या देरी का सामना करना पड़ता है, तो वे रेरा में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा जारी सभी आदेश एवं निर्णय वेबसाइट पर अपलोड किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को रेरा के वेबपोर्टल के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं तथा इनके लिए लोगों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

# लंगूर ने दिखायी मानवता

## अपने मालिक की मौत पर अंतिम यात्रा में शामिल हुआ

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),28मार्च 2023:- पूर्वी सिंहभूम प्रखंड चाकुलिया के कालापाथर गांव में एक लंगूर के आचरण से सभी लोग आश्चर्य थे. गांव के 80 वार्षिय निवासी गौरांग चन्द्र पाल का निधन हो गया था, सुबह परिजन द्वारा शव को खटिया में रखा था ताकि बाहर के लोग अंतिम दर्शन कर सकें,ग्रामीण स्व. गोरांग पाल के अंतिम दर्शन कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर रहे थे, तभी इसी बीच कही से एक लंगूर वहां आ पहुंचा और लंगूर भी गौरांग चन्द्र पाल के पार्थिव शरीर पर अन्य लोगों की





तरह पुष्प अर्पित किया और शांत होकर शव के पास खटिया पर काफी देर तक बैठा रहा...इस दौरान लंगूर ने किसी को किसी प्रकार से परेशान नहीं किया......ग्रामीणों ने बताया कि इस क्रम में काफी देर तक लंगूर शव के पास ही रहा और शव के अंतिम यात्रा में गांव के लोगों के साथ श्मसान घाट तक गया. लंगूर के इस आचरण से गांव के सभी लोग आश्चर्यचकित थे।.


**समाज जागरण 'विशेषांक'**

**"जन शिकायत"**

समाज जागरण "जन शिकायत" की नाम से एक विशेषांक प्रसारित करने जा रही है, जो कि हर सोमवार के अंक में प्रकाशित किया जायेगा। अगर आपके क्षेत्र में भी समस्या है और जनप्रतिनिधी, सरकारी अफसर और बाबू सुनने को तैयार नही है तो आप अपनी शिकायत जन-जन तक इस विशेषांक के माध्यम से पहुँचा सकते है। इसके लिए आप अपना फोटो, आधार कार्ड के साथ में शिकायत पत्र इस मेल आई पर भेज सकते है :-

vatanki-awaz@gmail.com,


# क्रांतिकारियों की स्मृतियों को सहेज रही डबल इंजन सरकार : मुख्यमंत्री

## *स्वतंत्रता संग्राम के नायक सचिंद्रनाथ सान्याल स्मारक शिलान्यास का किया सीएम योगी ने भारत सेवाश्रम में स्थापित मां भगवती की प्रतिमा का दर्शन-पूजन*

गोरखपुर, 28 मार्च। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम के नायक सचिंद्रनाथ सान्याल की गोरखपुर से जुड़ी यादों को जीवंत रखने तथा वर्तमान व भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा पुंज बनाने के लिए मंगलवार शाम सान्याल स्मारक का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार आजादी के आंदोलन के क्रांतिकारियों की स्मृतियों को सहेजने और उन्हें सम्मान देने में जुटी हुई है।

दाउदपुर स्थित भारत सेवाश्रम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने अमर सेनानी सचिंद्रनाथ सान्याल के व्यक्तित्व की चर्चा करने के साथ उनकी पुण्य स्मृति को नमन करते हुए कहा कि सान्याल जी को अंग्रेजी हुकूमत ने दो बार काला पानी की सजा दी। उन्होंने गोरखपुर में अपने भौतिक शरीर का त्याग किया था। स्वाधीनता संग्राम में उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण योगदान के लिए देश सदैव कृतज्ञ रहेगा। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अमर सेनानियों को सम्मान देने के लिए कई कार्य किए गए और लगातार किए भी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में स्वाधीनता आंदोलन के नायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के नाम पर जिला कारागार में स्मारक बनाया गया है। बलिदानी अशफाकउल्ला खां की स्मृति में गोरखपुर चिड़ियाघर का नामकरण उनके नाम पर किया गया है। इसी क्रम में सचिंद्रनाथ सान्याल का स्मारक बनाया जा रहा है। यह स्मारक प्रेरणा केंद्र के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने स्मारक के लिए चयनित स्थल का अवलोकन भी किया और जरूरी निर्देश दिए।

बता दें कि सचिंद्रनाथ योगी सरकार की तरफ से सान्याल के घर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए 3 करोड़ 6 लाख 47 हजार रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृत कर 1 करोड़ 53 लाख रुपये अवमुक्त भी कर दिए गए हैं। निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा। स्मारक में सान्याल की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। स्मारक में पर्यटकों की सुविधा के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं होंगी।

भारत सेवाश्रम में मुख्यमंत्री ने वासंतिक नवरात्र पर स्थापित मां भगवती की प्रतिमा स्थापित का दर्शन किया और विधि विधान से पूजन कर उनकी आराधना की। इस अवसर पर उन्होंने भारत सेवाश्रम के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद को नमन करते हुए धर्म, संस्कृति व मानव सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान की चर्चा की।

नगर निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहनों को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री ने बुधवार शाम भारत सेवाश्रम के समीप नगर निगम के 119 कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन 11 करोड़ खर्च कर खरीदे गए हैं।

# पुलिस का हमेशा सहयोगी रहा है मीडिया, पुलिस महानरीक्षक।

**होशंगाबाद रेंज के नवागत पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली ने मीडिया कर्मियों के साथ किया संवाद।**

रायसेन। पुलिस की कार्यप्रणाली में मीडिया हमेशा सहयोगी रहा है कई बड़े-बड़े अपराधों को पकड़ने में भी मीडिया की सराहनीय भूमिका होती है उक्त बात होशंगाबाद रेंज के नवागत महानिरीक्षक इरशाद वर्ली ने मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई प्रेस वार्ता के दौरान कहीं । उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्रों में घटित होने वाली घटनाओं के मामले हो या किसी भी प्रकार के बड़े अपराध सभी में आप लोगों का विशेष सहयोग रहता है उन्होंने चर्चा में बताया कि पुलिस अपने स्तर पर काम करती है उन्होंने कहा कि पुलिस काफी हद तक क्षेत्र में घटित होने वाले अपराधों पर नियंत्रण करने का पूरी निष्पक्ष निष्पक्षता के साथ काम करती है उन्होंने इस मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों से सहयोग करने की बात कही चोरी जैसी वारदातों पर



उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग को अपनी-अपनी दुकानों के सामने रात्रि कालीन समय बल्ब जलाना चाहिए और दुकान के सामने कैमरे भी लगा कर रखना चाहिए जिससे चोरी जैसी वारदातों का आसानी के साथ पता लगाया जा सकता है उन्होंने शहर के मुख्य चौराहों पर भी कैमरा लगाने की बात कही श्री वाले ने चर्चा में बताया कि जितनी चोरी की वारदातें और अन्य घटना है जिन को शीघ्र ड्रेस कराया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए कई सवालों का जवाब भी दिया और मौजूद पत्रकारों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार साहबाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा, एसडीओपी मैडम शर्मा, पुलिस कोतवाली के थाना प्रभारी मनोज सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# दुर्गाष्टमी

दुर्गाष्टमी का हिन्दू धर्म में बड़ा ही महत्त्व है। प्रत्येक माह में शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर दुर्गाष्टमी व्रत किया जाता है, इसे 'मासिक दुर्गाष्टमी' भी कहते हैं। इस दौरान श्रद्धालु दुर्गा माता की पूजा करते हैं और उनके लिए पूरे दिन का व्रत करते हैं। मुख्य दुर्गाष्टमी, जिसे 'महाष्टमी' कहा जाता है, आश्विन माह में नौ दिन के शारदीय नवरात्र उत्सव के दौरान पड़ती है। दुर्गाष्टमी को 'दुर्गा अष्टमी' और 'मासिक दुर्गाष्टमी' को 'मास दुर्गाष्टमी' के नाम से भी जाना जाता है। भगवती दुर्गा को उबाले हुए चने, हलवा-पूरी, खीर, पुए आदि का भोग लगाया जाता है। इस दिन देवी दुर्गा की मूर्ति का मन्त्रों से विधिपूर्वक पूजन किया जाता है। बहुत-से व्यक्ति इस महाशक्ति को प्रसन्न करने के लिए हवन आदि भी करते हैं। शक्तिपीठों में इस दिन बहुत उत्सव मनाया जाता है।

**महत्त्व**

चैत्र शुक्ल अष्टमी का अत्यन्त विशिष्ट महत्त्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नवरात्र पूजा का जो आयोजन प्रारम्भ होता है, वह आज ही के दिन या दूसरे दिन नवमी को पूर्णता प्राप्त करता है। आज के दिन ही आदिशक्ति भवानी का प्रादुर्भाव हुआ था। भगवती भवानी अजेय शक्तिशालिनी महानतम शक्ति हैं और यही कारण है कि इस अष्टमी को महाष्टमी कहा जाता है। महाष्टमी को भगवती के भक्त उनके दुर्गा, काली, भवानी, जगदम्बा, दवदुर्गा आदि रूपों की पूजा-आराधना करते हैं। प्रतिमा को शुद्ध जल से स्नान कराकर वस्त्राभूषणों द्वारा पूर्ण श्रृंगार किया जाता है और फिर विधिपूर्वक आराधना की जाती है। हवन की अग्नि जलाकर धूप, कपूर, घी, गुग्गुल और हवन सामग्री की आहुतियां दी जाती हैं। सिन्दूर में एक जायफल को लपेटकर आहुति देने का भी विधान है। धूप, दीप, नैवेद्य से देवी की पूजा करने के बाद मातेश्वरी की जय बोलते हुए 101 परिक्रमाएं दी जाती हैं। कुछ क्षेत्रों में गोबर से पार्वती जी की प्रतिमा बनाकर पूजने का विधान भी है। वहाँ इस दिन कुमारियां तथा सहागिने पार्वती जी को गोबर निर्मित प्रतिमा का पूजन करती हैं। नवरात्रों के पश्चात इसी दिन दुर्गा का विसर्जन किया जाता है। इस पर्व पर नवमी को प्रातः काल देवी का पूजन किया जाता हैं। अनेक पकवानों से दुगार्जी को भोग लगाया जाता है। छोटे बालक-बालिकाओं की पूजा करके उन्हें पूड़ी, हलवा, चने और भेंट दी जाती है।



**दुर्गाष्टमी की कथा**

प्राचीन हिन्दू शास्त्रों के अनुसार देवी दुर्गा के नौ रूप हैं। उन सब रूपों की अवतार कथाएं इस प्रकार हैं।

**महाकाली**

एक बार जब प्रलय काल में सारा संसार जलमय था अर्थात चारों ओर पानी ही पानी दिखाई देता था, उस समय भगवान विष्णु की नाभि से एक कमल उत्पन्न हुआ। उस कमल से ब्रह्मा जी निकले। उसी समय भगवान नारायण के कानों में से जो मैल निकला उससे मधु और कैटभ नाम के दो दैत्य उत्पन्न हुए। जब उन दैत्यों ने चारों ओर देखा तो उन्हें ब्रह्माजी के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं दिया। वे दोनों कमल पर बैठे ब्रह्माजी पर टूट पड़े, तब भयभीत होकर ब्रह्माजी ने विष्णु की स्तुति की। विष्णु जी की आंखों में उस समय महामाया योगानिद्रा के रूप में निवास कर रही थी। ब्रह्मा की स्तुति से वे लोप हो गई और विष्णु भगवान नींद से जाग उठे। उनके जागते ही वे दैत्य भगवान विष्णु से लड़ने लगे और उनमें 5000 वर्ष तक युद्ध चलता रहा। अंत में भगवान विष्णु की रक्षा के लिए महामाया ने असुरों की बुद्धि पलट दी। तब वे असुर प्रसन्न हो विष्णुजी से कहने लगे- 'हम आपके युद्ध कौशल से प्रसन्न हैं, जो चाहो सो वर मांग लो।' भगवान विष्णु बोले-'यदि हमें वर देना है तो यह वर दो कि दैत्यों का नाश हो जाए। ' दैत्यों ने कहा- 'तथास्तु।' ऐसा कहते ही महाबली दैत्यों का विष्णुजी के हाथों नाश हो गया। जिसने असुरों की बुद्धि को बदला था वह देवी थी 'महाकाली'।

# शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की खतरनाक जुगलबंदी के दूरगामी परिणाम।

**समाज जागरण**

व्लादिमीर पुतिन ने अपने परमाणु अस्त्र बेलारूस में स्थापित कर दिए हैं। जिससे निसंदेह अमेरिका यूरोप तथा अन्य देशों को खतरा महसूस होने लगा है। सबसे ज्यादा खतरा तो राष्ट्रपति जेलेंस्की के देश यूक्रेन और उसकी जनता को ही है। दूसरी तरफ चीन अपनी प्रभु सत्ता ताइवान पर थोपना चाहता है। ताइवान अपने को अभी तक स्वतंत्र मानता है और अपनी स्वतंत्र सरकार नियमित रूप से चला भी रहा है। ताइवान को अमेरिका का खुला समर्थन प्राप्त है वह भी कभी भी यूक्रेन की तरह चीन आक्रमण कर स्थिति को हिंसक बना सकता है इस तरह पुतिन और शी जिनपिंग चूँकी दोनों परमाणु संपन्न देश है यदि दोनों एक साथ किसी देश की तरफ लक्ष्य करेंगे तो निसंदेह युद्ध की भयानक परिणति होगी और इसके दूरगामी परिणाम भी होंगे।

द रिपब्लिकन ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं, वे अब और मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने अपने विश्वस्त साथी ली कियांग को को प्रधानमंत्री बनाया है। यह पोजीशन चीन में सत्ता के केंद्र में शी जिनपिंग के बाद के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर पोस्ट है, उल्लेखनीय है कि ली कियांग को करोना काल में बुरी तरह असफल होने के बाद पूरी दुनिया में आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब उन्हें विश्व की दूसरी आर्थिक ताकत को फिर से पटरी पर लाने का जिम्मा सौंपा गया है' अपने विश्वस्त साथी को प्रधानमंत्री बना कर शी जिनपिंग चीन की सत्ता में और भी ताकतवर हो गए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला है' वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला,फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं एवं आतंकवाद को नई बयार मिलने की संभावना है। म्यानमार में पहले से ही लोकतंत्र का गला दबाया जा चुका है। उत्तर कोरिया की सैन्य हुकूमत ने म्यानमार में तानाशाही हुकूमत काबिज करके रखी है। शी जिनपिंग के ताकतवर होने से जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई काफी कमजोर पड़ सकती है क्योंकि जिनपिंग जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत ही नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं, जिनपिंग ग्लॉसको में हुए जलवायु परिवर्तन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए ना तो खुद गए ना ही अपना प्रतिनिधि ही भेजा, यह सर्वविदित है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषण फैलाने वाले देशो में से एक देश है,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिनपिंग चीन को दुनिया से अलग-थलग कर वहां तानाशाही का शासन लागू कर देगा। चीन के नागरिक केवल चीन देश के होकर रह जाएंगे। उन्हें बाहरी दुनिया के संपर्क में आने का अधिकार भी नहीं होगा। कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर भी यही हाल रहा है, चीन की खबरें कभी भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर खुलकर नहीं आ पाई हैं। शी जिनपिंग अब एक तानाशाह शासक की तरह पेश आएंगे और चीन पूरी तरह से स्व केंद्रित हो जाएगा।



**सलीम ठाकुर, चिंतक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

## संजीव-नी।।

***हवा में जो हम दीपक जलाना सीख लेते हैं ।***

हवा में जो हम दीप
जलाना सीख लेते हैं ।
गमों की भीड़ में मुस्कुराना
सीख लेते हैं ।।

उन्हें आता नहीं दुश्मनों को
भी बुरा कहना।
वो सलीके से गीत गाना
सीख लेते हैं।।

कैसी जात,मजहब कैसी
सरनहद।
प्यार से हर पर्दे हटाना
सीख लेते हैं।।

पौधे नाजुक हैं, तरीके से
लगाना इन्हें।।
उपजाऊ हो जमीन, फलना
सीख लेते हैं।।

छोड़ो भी जिंदगी के
फलसफे साहब।।
चलो संजीव अब हंसना
हंसाना सीख लेते हैं ।।

**संजीव ठाकुर,चौबे कॉलोनी रायपुर, छत्तीसगढ़**

## धोख देने में माहिर होने लगे हो।

आप अपनो हो या हो बेगाने,
आप जग जाहिर होने लगे हो।

जालिम ये जमाना,ना समझ नही।
रंजिशों मेंआप भी माहिर होने
लगे हो।

न जाने किस की सोहबत में
रहते हो,
तमाम शाजिशों में शुमार होने
लगे हो।

शुरू से परवरिश ऐसी तो न
तुम्हारी,
पीठ पर खंजर हजार चलाने
लगे हो।

तुम ना तो फरेबी या सियासत
दार हो।
फिर क्यों दिल से शातिर होने
लगे हो।

क्या किया तुमने लूट कर खुद
का आशियाना,
खूबसूरत जिंदगी वीरान बनाने
लगे हो ।

# एक अच्छी पहल है विदेशों में खालिस्तान के विरूद्ध सिखों का प्रदर्शन

**समाज जागरण**

कुछ देशों में खालिस्तान के समर्थन में भारतीय दूतावास पर किए जा रहे प्रदर्शन का विरोध होने लगा है।अच्छा यह है कि खुद प्रदर्शन वाले देशों का सिख समाज इस आंदोलन के पीछे की कहानी जान गया है। यह जान गया है कि इस आंदोलन को बढ़ाने के पीछे पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई का हाथ है।यही कारण है कि वहां का सिख समाज इन आंदोलनकारियों के विरोध में उतर आया। उसने उन्हीं जगह पर भारत के समर्थन और खालिस्तान के विरोध में प्रदर्शन किया, जहां खालिस्तान के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे।

लंदन में पिछले रविवार को भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नई दिल्ली में भी किया गया । नई दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। उधर, अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। इसका भी भारतीयों ने विरोध किया।

नई दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर सिखों ने खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराए और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक-तिरंगे का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा ही सैन फ्रांसिस्को में हुआ। दोनों जगह खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालां के विरूद्ध प्रदर्शन ही नही हुए।आंदोलनकारियों के विरूरूद्ध कार्वाई की मांग भी की गई।नई दिल्ली में प्रदर्शन के लिए पहुंचे सिखों ने कहा- पाकिस्तान की बदनाम खुफिया एजेंसी आएसआई हमारे देश के अमन-चैन को तबाह करने की साजिश रच रही है। हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और लंदन में हुई हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

लंदन के बाद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भी इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया।रविवार को यहां भी खालिस्तान समर्थक जुटे। इन लोगों ने स्प्रे पेंट्स से अमृतपाल को रिहा करो.. लिख दिया। इन लोगों ने कॉन्स्यूलेट के गेट्स तोड़ दिए। वहां खालिस्तान के झंडे लगा दिए। इसके विरोध में भारतीय अमेरिकियों ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए भारतीय राष्ट्रधवज तिरंगे के अपमान गुस्सा जाहिर किया।प्रदर्शन भी किया।

दरअस्ल पिछले कुछ समय से जानी बूझी साजिश के तहत खालिस्तान आंदोलन को हवा देने की कोशिश की जा रही है।ब्रिटेन में खालिस्तान के समर्थन में जनमत कराया गया।इसके बाद कुछ जगह के हिंदू मंदिरों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए।भारत के इन देशों के राजदूतों का बुलाकर आपत्ति जताने के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नही हुई। इससे खालिस्तान के समर्थकों के हौंसले बढते गए।

पंजाब में अतिवादी अमृतपाल सिंह और उसके साथियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बाद लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग और अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास को खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह निशाना बनाया, उसकी केवल निंदा-भर्त्सना ही पर्याप्त नहीं। भारत के विरूद्ध प्रदर्शन के बावजूद ब्रिटेन और अमेरिका सरकारों ने इन उपद्रवियों के खिलाफ काई कार्रवाई नही की। न तो लंदन में भारतीय उच्चायोग में कोई सुरक्षा व्यवस्था दिखी और न ही सैन फ्रांसिस्को के वाणिज्य दूतावास में। सबसे खराब बात यह है कि इन दोनों भारतीय ठिकानों पर हमले के लिए जिम्मेदार खालिस्तानियों के विरुद्ध वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षित ही नहीं, आवश्यक थी। खालिस्तानियों के उपद्रव और उत्पात की एक लंबे समय से अनदेखी होती चली आ रही है। कनाडा और आस्ट्रेलिया खालिस्तानियों ने एक मंदिरों को निशाना बनाया। कनाडा और आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं की निंदा तो की, लेकिन उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया।

ब्रिटिश सामराज्य के पतन के बाद एक अलग सिख राष्ट्र की मांग शुरू हुई। 1940 में खालिस्तान का जिक्र पहली बार "खालिस्तान" नामक एक पुस्तिका में किया गया। 1947 के बाद प्रवासी सिखों के वित्तीय और राजनैतिक समर्थन तथा पाकिस्तान की आएसआई के समर्थन से खालिस्तान आंदोलन भारतीय राज्य पंजाब में फला-फूला और 1980 के दशक तक यह आंदोलन अपने चरम पर पहुंच गया। 1984 के दशक में उग्रवाद की शुरूआत हुई जो 1995 तक चला इस उग्रवाद को कुचलने के लिए भारत सरकार और सेना ने आपरेशन ब्लू स्टार, ऑपरेशन वुड रोज, ऑपरेशन ब्लैक थंडर एक तथा ऑपरेशन ब्लैक थंडर दो चलाए ।इन कार्यवाहियों से उग्रवाद तो बहुत हद तक खत्म हो गया ।भारी पुलिस एवं सैन्य कार्रवाई तथा एक बड़ी सिख आबादी का इस आंदोलन से मोहभंग होने के कारण 1990 तक यह आंदोलन कमजोर पड़कर विफल हो गया।

1980 से 1990 के दशक की खास बात यह रही कि इस खालिस्तान आंदोलन के विरोध में प्रायः अधिकाशं सिख समाज चुप रहा।स्वर्ण मंदिर आपरेशन का विरोध करने वालों ने भिंडरावाला और उसके समर्थकों के स्वर्ण मंदिर में शरण लेने का भी विरोध नही किया । इसके फलस्वरूप देश ने बहुत कुछ झेला। बड़ी संख्या में हिंदू दुनिया के सभी धार्मिक स्थल में जाते हैं।गुरूद्वारों में जाकर मत्था टेकने वालों की इस आंदोलन के पहले बड़ी संख्या थी। इस आंदोलन के जोर पकड़ने पर हिंदुओं ने गुरूद्वारों की और जाना छोड़ दिया। सिख आंतकवाद से सबसे ज्यादा ज्यादती सिखों ने ही झेलीं।उत्तर प्रदेश के तराई में सिख आंतकवाद तेजी से बढ़ा। पहले जो सिख परिवार सिख आंतकवादियों को देवदूत मान प्रश्य देते थे, उनके गलत आचरण देख वे ही उनके विरूद्ध हो गए। बिजनौर जनपद में सिख अतिवादियों ने विदेश में नौकरी करने वाले एक सिख परिवार को लूटा। उस परिवार के पांच साल के बच्चे का अपहरण कर पांच लाख की फिरौती मांगी। पुलिस ने आंतकवादी को मारकर बच्चे को रिहा कराया।कई सिख डेरों पर महिलाओं के शील भंग हुए।वहां ज्यादतिं हुईं।ऐसी घटनांए सिख समाज को इस आंदोलन से दूर करती चलीं गईं।

अतिवादी अमृतपाल सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इंदिरा गांधी जैसा हशर करने की धमकी दी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हत्या को ही उसने जाना। उसके बाद का हाल उसे शायद नही मालूम। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद में देश भर में सिखों के सामूहिक कत्ले आम हुए। दिल्ली में ही तीन हजार से ज्यादा सिख इस हत्याकांड के शिकार हुए।उनकी सम्पत्ति लूटली गई या जला दी गई। देश भर में 18 हजार से 25 हजार सिख कत्ल कर दिये गए। धीरे धीरे सिख समाज खालिस्तान की सच्चाई समझ गया। आज वह इसका समर्थक नही बल्कि विरोधी है ।

खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन के बाद ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के कई समूहों ने एकजुटता दिखाते हुए पिछले मंगलवार को लंदन स्थित 'इंडिया हाउस' के बाहर 'हम भारतीय उच्चायोग के साथ हैं' भारतीय उच्चायोग के परिसर में खालिस्तानी चरमपंथियों के हमले के मद्देनजर प्रवासी भारतीयों ने एकजुटता दिखाते हुए यह प्रदर्शन किया।

हाल के दिनों में लंदन में देखने को मिला कि कैसे खालिस्तानी तत्व हावी होने लगे और भारतीय उच्चायोग पर तिरंगा उतारने का प्रयास किया गया। लेकिन भारतीय अधिकारियों ने तिरंगा नहीं उतरने दिया और आज वहां पहले से बड़ा तिरंगा शान से लहरा रहा है। हमने देखा कि शुरू में भारतीय उच्चायोग के बाहर हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर ब्रिटिश सरकार अनमनी-सी दिखी लेकिन जब भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के घर के बाहर सुरक्षा घटाई गयी तो तत्काल लंदन में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा भी बढ़ाई । स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस भी हंगामा करने वालों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए हरकत में आई।ब्रिटिश संसद में यह मुद्दा उठ गया और मंत्रियों को भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन देना पड़ गया। इसके अलावा ब्रिटेन के कई सुरक्षा अधिकारी वहां लगातार गश्त कर रहे हैं और मेट्रोपोलिटन पुलिस के वाहन ह्यइंडिया प्लेसह्न के बाहर खड़े हैं।

मजे की बात यह है कि इस बार खालिस्तान आंदोलन भारत में कम विदेशों में ज्यादा दिखाई दे रहा है।विदेशों में खालिस्तानियों की भारत विरोधी गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।अब खालिस्तान के समर्थकों ने कनाडा में महात्मा गांधी की मूर्ति को तोड़ दिया और उस पर स्प्रे पेंट से भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लिखे। रिपोर्ट्स के मुताबिक खालिस्तानियों ने भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर कई अपमानजनक बातें भी लिखीं हैं।

भारत से बाहर यह अराजकता करने वाले ये नही सोच रहे कि ये बदलता भारत है।दुनिया में कही भी भारत विरोधी हरकत बर्दाशत नही की जाएगी।बीते 19 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने हुए विरोध प्रदर्शन के दिल्ली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। केंद्र सरकार दूसरे देशों में बैठे उन भारतीयों को गिरफ्तार कर भारत लाने और उनकी पहचान कर पास्पोर्ट निरस्त करने पर भी विचार कर रही है।विदेशों में नागिरकता ले चुके खालिस्तान समर्थकों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालों के बारे में आज बड़े पैमाने पर भारत में कहा जा रहा है कि खालिस्तानी उस समय कहां था ,जब अफगानिस्तान से सिख भाग रहे थे। वहां गुरूद्वारों पर हमले हो रहे थे। यह आंदोलनकारी अफगानिस्तान से सिखों को निकालने के लिए क्यों नही सक्रिय हुए।अफगानिस्तान में फंसे हजारों भारतीय नागरिकों सहित वहां के सिखों के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवदूत बनकर सामने आए। भारतीय विदेश मंत्रालय और भारतीय वायुसेना के प्रयासों की बदौलत श्री गुरु ग्रंथ साहिब की तीन प्रतियों के साथ 250 से ज्यादा अफगान सिखों को भी भारतीय वायुसेना के विमान से सुरक्षित भारत लाया गया।इतना ही नहीं प्रधानमंत्री मोदी ने सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के चारों बेटों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस साल से 26 दिसंबर को ह्यवीर बाल दिवसह्न के रूप में मनाने की घोषणा की। ये कार्य एक सिख जैल सिंह के राष्ट्रपति होते और दूसरे सिख डॉ मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री होते भी नही हुआ।


केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने 05 अगस्त, 2021 को सिख दंगा पीड़ितों के लिए एक पुनर्वास पैकेज की घोषणा की। इसमें प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 3.50 लाख रुपये और घायलों को 1.25 लाख रुपये देने का प्रावधान किया गया। इस पुनर्वास पैकेज में मृतकों के विधवाओं और बुजुर्ग परिजनों को 2500 रुपये मासिक पेंशन देने शामिल था। यह पेंशन उन्हें जीवनभर मिलेगी। पेंशन पर होने वाला खर्च राज्य सरकार द्वारा उठाया जाएगा। इससे पहले 2014 में मोदी सरकार ने 1984 के दंगों में मारे गए लोगों को राहत देने की योजना शुरू की थी। 2021-22 के केंद्रीय बजट में इसके लिए 4.5 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया था।

श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उत्तर प्रदेश में सिख विरोधी दंगों में 127 लोगों की जान चली गई थी। पीड़ित सिखों का आरोप है कि दंगों के कई दिन बाद तक इसकी एफआईआर भी नहीं लिखी गई। हिंसा के 35 साल बाद उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने साल 2019 में सिख विरोधी दंगों की फाइल फिर से खोली। उन्होंने इससे जुड़े 1251 मामलों की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन कर दिया। इसके तीन साल बाद अब एसआईटी ने यह जांच पूरी कर ली है।

मोदी सरकार ने आजादी के बाद पहली बार लंगर को टैक्स मुक्त कर दिया। अब गुरुद्वारा या धार्मिक स्थलों में बांटे जाने वाले प्रसाद या इस तरह दिए जाने वाले मुफ्त भोजन पर कुछ भी जीएसटी नहीं लगता है। इसके अलावा धार्मिक स्थलों में दिए जाने वाले प्रसादम पर सीजीएसटी और एसजीएसटी अथवा आईजीएसटी, जो भी लागू हो, शून्य है।इतनाही नही केंद्र सरकार सिख समाज के विकास पर भी ध्यान दे रही है।

भारत से बाहर बसे कुछ मुट्ठीभर अतिवादी भले ही कुछ कहें किंतु पूर्व सिख अतिवादी भी भारत की मोदी सरकार की प्रशंसा करने लगे हैं।खालिस्तानी के बड़े पैरोकार रहे और लंदन में एक अलगाववादी गुट चलाने वाले दल खालसा के संस्थापक और खालिस्तान समर्थक के पूर्व नेता जसवंत सिंह ठेकेदार ने हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। जसवंत सिंह का मानना है कि पीएम मोदी ने सिखों और सिख धर्म के लिए बहुत कुछ किया है। ठेकेदार ने समाचार एजेंसी एएनआई को एक वीडियो इंटरव्यू में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समुदाय के लिए काफी काम किया है और वे इससे प्यार करते हैं।उन्होंने सिख नेताओं की ब्लैकलिस्टिंग खत्म करवाई, करतारपुर कॉरिडोर खुलवाया। छोटे साहिबज़ादे के बारे में बात की।ये कथन जसवंत सिंह विचारों में एक बड़ा परिवर्तन है। मार्च 2013 में लंदन में बीबीसी हिंदी से बातचीत में उन्होंने कहा था कि सिख भारत में दोयम दर्जे के नागरिक हैं और उन्हें अलग देश मिलना चाहिए।

केद्र सरकार सभी को साथ लेकर देश के विकास को आगे बढ़ाने में लगी है किंतु विदेशों में बसे कुछ खुराफाती सच्चाई नही समझ रहे। वे ये नही जान रहे कि 1984 के आतंकवाद में गुद्वारों से दूर हुआ हिंदू समाज फिर बड़ी तादाद में गुरूद्वारों में जाने लगा है।इनकी कार्वाई से वह फिर गुरूद्वारों से अलग होता लग रहा है। इससे सिख समाज को ही नुकसान होगा।



**अशोक मधुप**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला फतेहपुर काठ (अम्बाला)

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय पाठशाला फतेहपुर काठ (अम्बाला) में पुरानी बिल्डिंग/कमरों की सार्वजनिक नीलामी की तिथि 14-4-2023 दिन शुक्रवार निर्धारित की गई है । यह बोली विद्यालय प्रांगण में सुबह 9-00 बजे होगी । विभाग द्वारा पुरानी बिल्डिंग/कमरों की अनुमानित लागत तय कर दी गई है । बाकी की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी ।

S M C प्रधान व मुख्य शिक्षक
राजकीय प्राथमिक पाठशाला फतेहपुर काठ (अम्बाला)
मो. 8059548295, 9416620330



## राजकीय प्राथमिक पाठशाला भूखड़ी (10318) नारायणगढ़ (अम्बाला)

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय पाठशाला भूखड़ी (10318) नारायणगढ़ (अम्बाला) में दो पुराने कमरे व उनके आगे बरामदा की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 11-4-2023 निर्धारित की गई है । यह बोली विद्यालय प्रांगण में सुबह 10-00 बजे होगी । विभाग द्वारा इन कमरों व बरामदे की अनुमानित लागत तय कर दी गई है । बाकी की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी ।

S M C प्रधान व मुख्य शिक्षक
राजकीय प्राथमिक पाठशाला भूखड़ी नारायणगढ़ (अम्बाला)
मो. 9053537301, 9306503319



## राजकीय प्राथमिक पाठशाला नखड़ोली (10358) नारायणगढ़ (अम्बाला)

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला नखड़ोली (10358) नारायणगढ़ (अम्बाला) में तीन पुराने कमरों बरामदे सहित की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 12-4-2023 को विद्यालय प्रांगण में प्रातः 10 बजे होगी । विभाग द्वारा इन तीन कमरों व बरामदे की अनुमानित लागत तय कर दी गई है । बाकी की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

S M C प्रधान व मुख्य शिक्षक
राजकीय प्राथमिक पाठशाला नखड़ोली नारायणगढ़ (अम्बाला)
मो. 9466016510, 7015403933


## नारायणगढ़ में दूसरे दिन भी रही सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संबद्ध
# नगरपालिका कर्मियों की भूख हड़ताल-

**नारायणगढ़/दैनिक समाज जागरण बरखाराम धीमान-** ,आज मंगलवार को भी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से सम्बद्ध नगरपालिका कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर क्रमिक भूखहड़ताल दूसरे दिन भी जारी रखी। सफाई कर्मचारी प्रदीप, जगन्नाथ, किरण पाल, सागर व छज्जू राम पालिका गेट पर अनशन पर बैठे रहे।

इकाई प्रधान मांगे साहिब ने सफाई कर्मचारियों को भूखहड़ताल पर बिठाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार में कर्मचारी, जनता व बेरोजगार सभी परेशान है। पे-रोल के सफाई व फायर कर्मी जंहा पक्का न करने से नाराज है वंही जनसंख्या व क्षेत्रफल के हिसाब से पर्याप्त सफाई कर्मचारियो की भर्ती न होने से बेरोजगार युवा हताश है। इसका खामियाजा शहर वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लाक प्रधान स.सतनाम सिंह व सीटू नेता सतीश सेठी ने सफाई कर्मियों को जूस पिलाकर भूखहड़ताल समाप्त करवाते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के निदेशों पर पालिका प्रशासन ने घर-घर से कूड़ा उठाने का काम प्राइवेट कम्पनी को लगभग एक करोड़ 32 लाख रुपए सालाना पर दिया हुआ है। नगरपालिका इसके नाम पर 600 रुपए सालाना हर घर से शहर वासियों से भी वसूलती है। कम्पनी कूड़ा उठाने का जोखिम भरा काम जिन बेरोजगारो से लेती है, उनकी नोकरी की कोई सुरक्षा नही है। मनमर्जी से काम से हटा दिया जाता है। ऊपर से वेतन भी बहुत कम है। सरकार को चाहिए था कि वह इस राशि को कम्पनी को देने की बजाए पक्के रोजगार देने पर खर्च करती जिससे सैंकड़ो गरीब परिवारों की आर्थिक हालत में सुधार होता। परंतु सरकार को कम्पनियों के मुनाफे की ज्यादा चिंता है। इसलिए सीटू व एसकेएस मांग करता है कि ठेकेदारी प्रथा खत्म कर इन डोर-टू-डोर कर्मियों को पालिका के पे-रोल पर लेकर समान काम समान वेतन दिया जाए। सेठी ने कहा कि कल बराड़ा में नगरपालिका कर्मचारियों के उत्पीड़न के खिलाफ होने वाले रोष प्रदर्शन में सीटू भी भाग लेगा।

समापन अवसर पर उक्त के इलावा एसकेएस के ब्लाक सचिव अरुण कुमार व पूर्व पालिका कर्मचारी नेता श्याम लाल ने भी सम्बोधित किया।

**मांगे साहिब प्रधान भूखहड़ताल दूसरे**

इकाई प्रधान मांगे साहिब ने सफाई कर्मचारियों को भूख हड़ताल पर बिठाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार में कर्मचारी, जनता व बेरोजगार सभी परेशान है। पे-रोल के सफाई व फायर कर्मी जंहा पक्का न करने से नाराज है वंही जनसंख्या व क्षेत्रफल के हिसाब से पर्याप्त सफाई कर्मचारियो की भर्ती न होने से बेरोजगार युवा हताश है। इसका खामियाजा शहर वासियों को भुगतना पड़ रहा है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लाक प्रधान स.सतनाम सिंह व सीटू नेता सतीश सेठी ने सफाई कर्मियों को जूस पिलाकर भूखहड़ताल समाप्त करवाते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के निदेशों पर पालिका प्रशासन ने घर-घर से कूड़ा उठाने का काम प्राइवेट कम्पनी को लगभग एक करोड़ 32 लाख रुपए सालाना पर दिया हुआ है। नगरपालिका इसके नाम पर 600 रुपए सालाना हर घर से शहर वासियों से भी वसूलती है। कम्पनी कूड़ा उठाने का जोखिम भरा काम जिन बेरोजगारो से लेती है, उनकी नोकरी की कोई सुरक्षा नही है। मनमर्जी से काम से हटा दिया जाता है। ऊपर से वेतन भी बहुत कम है। सरकार को चाहिए था कि वह इस राशि को कम्पनी को देने की बजाए पक्के रोजगार देने पर खर्च करती जिससे सैंकड़ो गरीब परिवारों की आर्थिक हालत में सुधार होता। परंतु सरकार को कम्पनियों के मुनाफे की ज्यादा चिंता है। इसलिए सीटू व एसकेएस मांग करता है कि ठेकेदारी प्रथा खत्म कर इन डोर-टू-डोर कर्मियों को पालिका के पे-रोल पर लेकर समान काम समान वेतन दिया जाए। सेठी ने कहा कि कल बराड़ा में नगरपालिका कर्मचारियों के उत्पीड़न के खिलाफ होने वाले रोष प्रदर्शन में सीटू भी भाग लेगा। समापन अवसर पर उक्त के इलावा एसकेएस के ब्लाक क्यूसचिव अरुण कुमार व पूर्व पालिका कर्मचारी नेता श्याम लाल ने भी सम्बोधित किया।

## दिल्ली में किसान महापंचायत, बड़े फैसले की है तैयारी, कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात

सोनीपत. दिल्ली में एक बार फिर किसान आंदोलन की आहट शुरू हो चुकी है क्योकि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में किसान एक महापंचायत करने जा रहे है. जिसको लेकर संयुक्त किसान मोर्चा काफी लंबे समय से तैयारियां करता हुआ नजर आ रहा था और आज सोनीपत के रेलवे स्टेशन से किसानों का एक जत्था दिल्ली के लिए रवाना हो गया. किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने सोनीपत के कुंडली बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया है.

## आम आदमी को बड़ी राहत की खबर , पैन को आधार से लिंक करते ही झटाझट हो जाएंगे ये काम, 30 जून तक पूरा मौका

**के आर अरुण राजधांनी नई दिल्ली द्वेनिक समाज जागरण** // पैन कार्ड को आधार कार्ड (आँ१ उं१ा) से लिंक करना बेहद अनिवार्य है, लेकिन अभी भी बहुत से लोग हैं , जो इसे हल्के में लेते हैं उन्हें नुकसान न हो इस लिए सख्त निर्दृष है ।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जारी किए आंकड़ें के मुताबिक 61 करोड़ पैन कार्ड धारकों में से 48 करोड़ लोगों ने ही अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक किया है। अभी भी ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है, जिन्होंने पैन-आधार को लिंक नहीं किया है। ऐसे ही लोगों के लिए सरकार ने एक बार फिर से राहत देते हुए पैन-आधार लिंकिं की डेडलाइन बढ़ा दी है। पैन-आधार की लिंकिंग की अंतिम तारीख 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। यानी जिन लोगों ने पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं किया है वो 30 जून तक अपने पैन को आधार से लिंक कर सकेंगे।

## हरियाणा सीएम मनोहर लाल फरमान

### डिप्टी कमिश्नर , पुलिस अधीक्षक और उपमंडल अधिकारी (नागरिक) SDO(CIVIL) बिना बताए जिला नहीं छोड़ पाएंगे-


**के आर अरुण - चण्डीगढ दैनिक समाज जागरण**

सीएम मनोहर लाल ने बीजेपी कार्यक्रर्ता को जनता के बीच पारदर्शी इमेज को लेकर हरियाणा सरकार ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर जिले के अधिकारियों के लिए सख्त फैसला लिया है।

सरकार की ओर से जारी नए आदेश के अनुसार डिप्टी कमिश्नर (ऊ), पुलिस अधीक्षक (रढ) और उपमंडल अधिकारी (नागरिक) रऊ(उक्श्क्छ) बिना बताए जिला नहीं छोड़ पाएंगे। इसके लिए उन्हें पूर्व में सूचित करना पड़ेगा। वह सिर्फ पूर्व स्वीकृत टूर के दौरान ही जिले से बाहर आ जा सकेंगे। इस दौरान उन्हें उनके स्थान पर कार्यभार देखने वाले अधिकारियों को इसकी पूर्व सूचना होगी।

**लापरवाही न करें वर्ना मिलेगी सजा -**

मुख्य सचिव की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार ने उत्तरदायित्वों में किसी भी प्रकार की कोताही को गंभीरता से लिया है और अधिकारियों को पुनः इन



निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। किसी भी चूक के मामले में दोषी अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा सीएम हुए सख्त- कोई अधिकारी बिना बताए जिले से बाहर नही जायेगा।मुख्य सचिव निर्देश -

## दवाइयों में हो रही मिलावट को लेकर आ रही गुप्त सूचनाओ से भारत सरकार अलर्ट

**चंडीगढ़ ( देनिक समाज जागरण सीपी एच एडीटर के आर अरूण )**

देश में दवाइयों में हो रही मिलावट को लेकर आ रही गुप्त सूचनाओ से भारत सरकार अलर्ट हो गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों में एक ऑपरेशन चलाया गया है। जिसमे भारी कमियो के संकेत मिले हैं।

देश में दवाइयों में हो रही मिलावट को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों में एक ऑपरेशन चलाया गया है. उस ऑपरेशन के तहत स्टेट और सेंट्रल ड्रग रेगुलेटर ने 20 राज्यों में जांच की है और कुल 203 फॉर्मा कंपनियों की पहचान हुई है. उन कंपनियों में से 18 के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। 15 दिनों के अंदर ही 18 फॉर्मा कंपनियों ने अपने लाइसेंस गंवा दिए हैं. अब क्या मिलावट हो रही थी, किस प्रकास से गुणवक्ता के साथ समझौता हो रहा था। इसकी डिटेल जल्दी मिलेगी।

## हिमाचल के उप मुख्यमंत्री अग्निहोत्री को अपने सरकारी आवास में गिरने से चोटें- हॉस्पिटल में भर्ती

**चंडीगढ़/शिमला दैनिक समाज जागरण के आर अरुण**) हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्नि होत्री आज अपने सरकारी आवास में देर शाम घूमते हुए अचानक गिरने से उन्हें चोटें आई हैं। ये चोट सर के पिछले हिस्से में लगी हैं। तत्काल उन्हे राजधानी शिमला के आई जी एम सी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है बताया गया है की उन्हे 5टांके लगे हैं। आई जी एम सी हॉस्पिटल स्टाफ उनकी पूरी देख रेख में सक्रीय है।अभी वे स्वस्थ हैं।



## राहुल गांधी के समर्थन में उतरे किसान नेता राकेश टिकैत, अतीक अहमद को बताया मामूली अपराधी

**देनिक समाज जागरण सीपी एच एडीटर के आर अरूण )**

कैथल. किसान राकेश टिकैत ने मोदी सरकार पर फिर से निशाना साधा है. टिकैत ने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है. सभी पार्टियों को संयुक्त किसान मोर्चे की तरह संयुक्त राजनैतिक मोर्चा बनाना चाहिए. ये बातें उन्होंने तब कही जब राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने बारे सवाल किया गया. राकेश टिकैत ने कहा कि धीरे-धीरे सभी पार्टियों को खत्म कर दिया जाएगा. हम राहुल गांधी के साथ हैं. राहुल गांधी मामले पर अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने ये भी इशारा किया कि जिसके साथ देश में गलत होगा, हम उसके साथ हैं.

## विवाद सहारनपुर में हुआ, गुस्सा शिमला में फूटा, फ्रूट मंडी में चाचा-भतीजा भिड़े, क्रेट और हाथ-लात चले

**शिमला ( देनिक समाज जागरण सीपी एच एडीटर के आर अरूण )**




शिमला. विवाद यूपी के सहारनपुर में हुआ था, लेकिन गुस्सा शिमला में फूटा. एक दूसरे पर जमकर लात-घूसे-थप्पड़ चलाए. मामला हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की सब्जी मंडी में पेश आया है. थाना सदर के तहत यह मामला हुआ है. घटना के दौरान फल विक्रेता ने एक-दूसरे पर सब्जियों की खाली ट्रे से भी हमला किया. पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ. पुलिस दोनों गुटों के करीब एक दर्जन लोगों को थाने ले गई थी. घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. मामला घरेलू विवाद से जुड़ा है. जानकारी के अनुसार, शिमला शहर के गंज बाजार में सब्जी मंडी में सुबह 8 बजे फलों की बोली लग रही थी. इस बीच उत्तरप्रदेश के जिला सहारनपुर के चाचा, भतीजा के बीच घरेलू विवाद को लेकर बहसबाजी शुरू हो गई और मारपीट होने लगी. बचाव में करीब एक दर्जन विक्रेता शामिल हो गए. इस दौरान क्रेट, ईंटें, डंडे और लात-घूंसे एक-दूसरे पर जमकर बरसे. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील नेगी ने बताया कि मामले की तफ्तीश जारी है.

बताया जा रहा है कि सहारनपुर में चाचा और भतीजा के परिवार में घरेलू विवाद चल रहा है. घर का छज्जा बढ़ाने पर दोनों में मनमुटाव चल रहा है. सोमवार सुबह सब्जी मंडी में दोनों के बीच इसी विवाद की वजह से तकरार हो गई. सब्जी मंडी एसोशिएशन ने दोनों पक्षों को चेतावनी दी है और साथ ही कहा है कि दोबारा सब्जी मंडी का माहौल खराब न किया जाए.

## उन्नीसवीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी जलवा दिखाने के लिए पहुंचे हैं मोरनी

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रूट पर हो रहा है राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजनः ओंकार सिंह




हरियाणा/पंचकुला/मोरनी(राजेश सलूजा) : 19वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइकलिंग प्रतियोगिता का हरियाणा के पंचकूला जिला के मोरनी की पहाड़ियों में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ द्वारा किया जा रहा है। हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के राज्य मंत्री व हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह है जिनका इस प्रतियोगिता के आयोजन में अहम योगदान है।

जिसका एशियन साइकलिंग के महासचिव ओंकार सिंह ने झंडी दिखाकर किया । एशियन साइकिलिंग महासंघ के महासचिव ओंकार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि यह रुट एशिया के लेवल है और राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का रुट मिलना खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का काम करेगा। इससे एशिया व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाडी पदक लाने का काम करेंगे। हरियाणा ने रोड की तो अनेक प्रतियोगिताएं अच्छे ढंग से करवाई है। राष्ट्रीय माउंटेन बाइक की पहली प्रतियोगिता है। रूट व व्यवस्थाओं को देखकर लगता है यह एक अनोखा आयोजन होगा और आने वाले समय में एशिया की प्रतियोगिता भी इस रूट पर हो सकती है।

इस प्रतियोगिता में 28 राज्य व यूनिट के लगभग 550 पुरुष व महिला खिलाडी अपना जोहर दिखा रहे हैं।

राष्ट्रीय माउंटेन बाइक प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा पहली बार करवा है। जबकि रोड की अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं बखूबी अनोखा आयोजन पर चुके है। व पूरे देश की वाहवाही हरियाणा लूट चुके हैं । जबकि माउंटेन बाइक प्रतियोगिता के लिए महाराष्ट्र पंजाब केरला उत्तराखंड आयोजन में भूमिका अदा कर चुका है इस प्रतियोगिता का आयोजन के लिए पहाड़ियां कच्चे रास्ते तथा ऊबड खाबड़ रास्ता होना चाहिए। जो मोरनी की पहाड़ियों में देखने को मिला इतना ही नहीं देश का जो सबसे अनोखा माउंटेन बाइक का रास्ता भी इसे कहा जा सकता है। आयोजन चाहे पहली बार हरियाणा कर रहा हो लेकिन एक अनोखी अंदाज में हरियाणा द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता मे अंतरराष्ट्रीय खिलाडी अपना जलवा दिखाने के लिए पहुंचे है जिसमें हिमाचल से सीमेन, देवेंद्र, मणिपुर से अडोनिक, आर्मी से कमलेश राणा, महिलाओं में महाराष्ट्र प्रणिका सुमन, जूनियर वर्ग मे ज डोगरा चंडीगढ से, रार्लिका द्रवडे महाराष्ट्र से सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाडी इस प्रतियोगिता में अपना जलवा दिखाने के लिए पहुंचे हुए।

इस मौके पर भारतीय साइकलिंग महासंघ के महासचिव मनिंद्रपाल सिंह, आयोजक व हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर, भारतीय साइकलिंग महासंघ के चीफ कमिशियर पैनाकी,आर के गुप्ता,दत्तातरे, विनय सिंह, अनुउंसर तमन्ना, धर्मेंद्र, जोगेंद्र कहलो, बलबीर, जगदीश असीजा, सुनील पुनिया,

देवेंद्र सिंह ,संजय ,सुनील, अजहर,परवीन, सहित सैकड़ों खिलाडी व खेल प्रेमी मोजूद रहे।

## 10 साल बाद भी फ्लैट के लिए भटक रहे लोग, नहीं मिला सपनों का घर, विरोध प्रदर्शन जारी

**के आर अरूण**

फरीदाबाद. बिल्डर की मनमानी से परेशान लोगों ने सरकार और बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. फरीदाबाद के सेक्टर 80 में अंसल बिल्डर की अंसल क्राउन हाइट नाम से प्रोजेक्ट मे सपनों का घर सपना ही बन गया. सरकार और बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी और धरना प्रदर्शन करने वाले सभी लोगों ने अब सरकार से सीधे दो- दो हाथ करने फैसला लिया है . इसके बाद अब लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा है की अगर इनकी सुनवाई नहीं होती है तो वो आमरण अनसन भी करेंगे और जो भी कदम उनके सपनों के घर को दिलाने में मदद करेगा उसकी मदद हम भी करेंगे.

बिल्डर के खिलाफ सेक्टर-80 में विरोध प्रदर्शन कर रहे जगमोहन गुप्ता और संजय ने बताया कि 2006 में प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया था. अंसल बिल्डर ने साल 2013 तक लोगों को फ्लैट्स देने की एवज में 95 फीसदी पैसे ले लिया. आज 10 साल बीत जाने के बाद भी लोगों को फ्लैट्स नहीं मिल पाए हैं, लाखों खर्च करने के बावजूद भी लोग किराये पर रह रहे हैं. फ्लैट्स खरीदने वाले कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन सुविधा नहीं मिल पाई. आज उनके बच्चे बिल्डर के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं. जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ




नारेबाजी की. लोगों के मुताबिक फ्लैट्स के लिए बैंक से लोन लिया, आज महंगे किराये के मकान के साथ-साथ ईएमआई भी भर रहे हैं, लोगों को ठगा गया है.

**500 से ज्यादा परिवार है परेशान**

इस प्रोजेक्ट में लगभग 550 खरीदारों का पैसा लगा हुआ है, जो कुछ बुजुर्गों की जमा पूंजी है. अधिकतर फ्लैट मालिकों ने बैंक से लोन लिया हुआ है. बैंक की किस्त भी दे रहे हैं. लोगों ने बिल्डर के खिलाफ उपभोक्ता कोर्ट में शिकायत की, जिसमें फैसला लोगों के पक्ष में आया.कोर्ट ने बिल्डर को जल्द से जल्द फ्लैट देने तथा जो फ्लैट नहीं लेना चाहते हैं, उन्हें 12 फीसदी ब्याज के साथ पैसे लौटाने के आदेश दिए. लोगों का कहना है कि आदेश को भी एक साल से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन बिल्डर ने लोगों को न तो फ्लैट पूरे करके दिए और ना ही पैसा लौटाया.लोगों ने इस मामले में सरकार से मदद की मांग की है.

**आरोपः लोगों की मदद के लिए तैयार नहीं प्रशासन**

एनसीडीआरसी से खरीदारों के पक्ष में फैसला आने के बाद भी बिल्डर उस फैसले को मानने के लिए तैयार नहीं और प्रशासन की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है . बिल्डर के विरूद्ध फरीदाबाद में भी एफआईआर सेक्टर 12 पुलिस थाने में दर्ज कराई है. हरेरा में भी एसोसिएशन ने केस भेजा, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई. कोई भी सरकारी विभाग मदद करने के लिए तैयार नहीं, कोर्ट और सरकारी विभागों के चक्कर काट काट कर थक गए हैं. आखिर में हमें धरने और प्रदर्शन का मार्ग अपनाना पड़ा है. इसके बाद भी अगर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो हम आमरण अनशन करेंगे और घर पाने के लिए जो भी कदम उठाने पड़ेंगे वो उठाया जाएगा.

## COVID-19: हिमाचल में इस साल में 1 दिन में सबसे ज्यादा केस, हर 10वां शख्स कोरोना पॉजिटिव, 495 हुए एक्टिव केस

**के आर अरूण**

शिमला. हिमाचल प्रदेश में कोरोना (उङ्क१ङ्कल्लं श्र१४२) के मामलों में उछाल आने लगा है. आलम यह है कि प्रदेश में एक्टिव केस 500 के करीब पहुंच गए हैं. बीते चौबीस घंटे यानी सोमवार को प्रदेश में 126 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं. इस दौरान 1326 सैंपल लिए गए थे. सोमवार को 46 मरीज ठीक हुए हैं और ऐसे में प्रदेश में कोरोना एक्टिव केस 495 पहुंच गए हैं. बीते चौबीस घंटे में कोरोनों से किसी की जान नहीं गई है.

जानकारी के अनुसार, कांगड़ा में सबसे अधिक 32 केस रिपोर्ट हुए हैं. इसके अलावा, मंडी में 25, सोलन में 17, हमीरपुर में 20 और 15 केस सोलन में सामने आए हैं. हिमाचल में कोरोना से अब तक 4195 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं, 3,08,849 केस रिपोर्ट हुए हैं. एकाएक हिमाचल में कोरोना के मामलों में इजाफा हुआ है. बीते दस दिन में कोरोना के 400 मामले सामने आए हैं.

साल 2023 में सोमवार को सबसे अधिक केस दर्ज हुए हैं. इससे पहले, 24 मार्च को 100 मामले सामने आए थे. अब 3 दिन के भीतर हिमाचल में फिर कोरोना के 100 से ज्यादा मामले रिपोर्ट हुए हैं. हिमाचल में कोरोना संक्रमण दर 9.56% है. यानी हर 10वां शख्स संक्रमित पाया जा रहा है. बड़ी बात है कि सैंपल भी कम है. ऐसे में मामले भी कम आ रहे हैं. उधर, केंद्र ने राज्यों सरकारों से कोरोना पर समीक्षा मीटिंग की है और हिमाचल स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है. प्रदेश के अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है.



# पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मुकदमे को लेकर भारतीय प्रेस परिषद हुआ गम्भीर

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित मुख्य सचिव, सचिव (गृह) पुलिस विभाग, पुलिस महानिदेशक को भेजा नोटिस गौशाला की दुर्दशा को उजागर करना पत्रकारों को भारी पड़ा, 4 पत्रकारों के विरुद्ध मुकदमा

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

केराकत, जौनपुर। गौशाला में गायों के तड़पकर मरने की खबर प्रकाशित करने एवं यू–ट्यूब चैनल पर दिखाने पर पत्रकारों के खिलाफ दर्ज कराये गये मुकदमे को भारतीय प्रेस परिषद ने गम्भीरता से ले लिया। इस पर परिषद के सचिव नंगसंगलेम्बा आओ ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता में कटौती मानते हुये अपनी चिन्ता जतायी। साथ ही परिषद ने दो सप्ताह के भीतर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, सचिव (गृह) पुलिस विभाग, पुलिस महानिदेशक, जिलाधिकारी जौनपुर और पुलिस अधीक्षक जौनपुर को जवाब के लिये नोटिस जारी कर दिया।

विदित हो कि बीते 21 मार्च को पत्रकार आदर्श मिश्रा सहित केराकत तहसील क्षेत्र के पत्रकार पंकज सिंह, विनोद कुमार और अरविन्द यादव मुफ़्तीगंज विकास खण्ड क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थित अस्थायी गौशाला की दुर्दशा का न्यूज कवर करने वहां पहुंचे। पत्रकारों के अनुसार गौशाला में दो गायें मरी पड़ी थीं और इतनी ही मरणासन्न थीं जिन्हें कौवे नोच रहे थे। वहीं गौशाला में गायों के बीच गोबर की मोटी परत जमी पड़ी थी। पत्रकारों ने मौके का फोटो लिया और वीडियो क्लिप बनाया तथा वहीं से उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा को गौशाला की स्थिति से अवगत कराते हुये उनका पक्ष भी जाना।

पत्रकारों के अनुसार उपजिलाधिकारी का जवाब काफी तल्ख था। बहरहाल पत्रकारों ने उक्त समस्या को अपने स्तर से प्रकाशित कर दिया। 3 दिन बाद यानी 24 मार्च को तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों ने उक्त गांव की प्रधान चंदा देवी पर दबाव बनाकर उपरोक्त पत्रकारों के खिलाफ केराकत थाने में एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (2) सहित आईपीसी की धारा 504, 506, 384 और 429 के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया।



यह बात जंगल में आग की तरह तेजी से फैल गयी जिसकी जानकारी भारतीय प्रेस परिषद को हुई तो वह गम्भीर हो गया। इसी को लेकर परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, सचिव (गृह) पुलिस विभाग, पुलिस महानिदेशक समेत जौनपुर के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को नोटिस भेजते हुये 2 सप्ताह के अन्दर अपनी बात कहने की बात कही है।

कुल मिलाकर गौशाला की दयनीय स्थिति को उजागर करने, उपजिलाधिकारी केराकत द्वारा द्वेषवश पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराने एवं इस मामले को भारतीय प्रेस परिषद द्वारा गम्भीरता से लेने पर इस समय जौनपुर ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की पत्रकारिता जगत सहित शासन–प्रशासन में हड़कम्प मचा हुआ है।

# साथियों पर दर्ज कराये जा रहे मुकदमे को लेकर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ चिंतित

## कलेक्ट्रेट में बैठक कर पुलिस अधीक्षक से मिले पत्रकार। इस प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे जौनपुर के पत्रकार

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के मुफ्तीगंज ब्लाक अन्तर्गत पेसारा गांव में स्थित अस्थायी गौशाला की दयनीय स्थिति को उजागर करने के मामले में उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा द्वारा द्वेषपूर्ण रवैये का परिचय देते हुये ग्राम प्रधान द्वारा दर्ज करवाये गये मुकदमे को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर सैकड़ों पत्रकार एकत्रित हुये। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में आयोजित बैठक में उक्त प्रकरण की निन्दा करते हुये इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में सांसद बीपी सरोज के गार्ड द्वारा बदतमीजी का विरोध करने पर कुछ पत्रकारों के खिलाफ दर्ज कराये गये एससी/एसटी के मुकदमे पर चर्चा हुई। साथ ही इस प्रकरण की निन्दा करते हुये एक बार मेडिकल मुआयना कराने के बाद सत्ता के दबाव में पुनः मेडिकल मुआयना को गलत बताया गया। इसके बाद पत्रकारों का प्रतिनिधिमण्डल पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा से मिलकर उन्हें शिकायत पत्र दिया जिस पर उन्होंने जांच कर न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, जय प्रकाश मिश्र, अजय शुक्ला, राकेशकान्त पाण्डेय, शम्भू सिंह, अजीत सिंह, विरेन्द्र गुप्ता, शशिराज सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव, विद्याधर राय विद्यार्थी, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, अरविन्द पटेल, आदित्य भारद्वाज, दीपक सिंह, अरविन्द पटेल, संतोष राय, रामचन्द्र नागर, अनिल गौतम, मंगला प्रसाद तिवारी, राहुल कुमार, विनोद विश्वकर्मा, संजय चौरसिया, अनूप कुमार, अजीत बादल चक्रवर्ती, जुबेर अहमद संजय मिश्रा, पंकज राय, बरसातू कश्यप, वीरेन्द्र पाण्डेय, मो. अरशद, संजय सिंह, रामजी



जायसवाल, दिलीप जायसवाल के अलावा पीड़ित पत्रकार विनोद कुमार व अरविन्द यादव मौजूद रहे।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गांधीपुरम,बोरशिया गाजीपुर में विजेताओं का शानदार स्वागत

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर -होनहार बिरवा के होत चिकने पात" नामक सूक्ति सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गांधीपुरम,बोरशिया गाजीपुर के विद्यार्थियों पर सट-ीक सत्य साबित होती है कवैसे तो विद्यालय अपनी बाल्यकाल से गुजर रहा है और अपना पहला सत्र 2022 -23 पूर्ण किया हैकइतने कम समय में ही यहां के बच्चे पढ़ाई में, स्पोर्ट्स में, ताइक्वांडो में, खेल में या कोई जनपद स्तर की शैक्षिक प्रतियोगिता हो सब में अपनी पहचान बनाते जा रहे हैं कहाल ही में उत्तर प्रदेश यूथ गेम्स एसोसिएशन द्वारा 'स्टेट चैंपियनशिप 2023' का आयोजन ऊंचाहार रायबरेली उत्तर प्रदेश में किया गया था जिसमें सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के चार विद्यार्थी सोनू कुमार यादव कक्षा -7, प्रिंस कुमार यादव कक्षा -7, समी कुमार कक्षा -7, एवं कंदर्प तिवारी कक्षा- 10 से इस राज्य स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किए कयह प्रतियोगिता 26 मार्च रविवार को आयोजित हुई थी कविद्यालय परिवार एवं प्रबंधन विद्यालय की इस उपलब्धि पर हर्षित है और उसी क्रम में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक



प्रोफेसर सानंद सिंह ने इन विजेता प्रतिभागियों एवं उनके ट्रेनर शेषनाथ यादव को माला पहना कर तथा उनका मुंह मीठा करा कर भव्य स्वागत किए । यह चारों ताइक्वांडो विजेता हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं जो जिला गाजीपुर के लिए भी गर्व का विषय है। प्रोफेसर सानंद सिंह ने इन प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए अग्रिम प्रतियोगिता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में दुनिया के किसी कोने में अगर कोई मेडल बना है तो भविष्य में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में जरूर आएगा । इस मौके पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी, उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार ,अक्षय उपाध्याय, अवनीश कुमार राय, आशुतोष दुबे, प्रकाश सिंह, श्रेया राय, श्रेया सिंह, जानकी गुप्ता, रितंभरा, श्वेता पांडे, विष्णु शर्मा, विशेश्वर तिवारी ,अजीत सिंह, लोविकाली, सिलविया ,अजय लिंबू एवं समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण तथा विद्यार्थी गण उपस्थित थे

# कालरात्रि के दिन दक्षिण काली माता का हुआ भव्य श्रृंगार दर्शन—पूजन के लिये श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**दिलीप जायसवाल, समाज जागरण जौनपुर।** शहर के दक्षिणी छोर पर सिटी स्टेशन ओवरब्रिज के नीचे बगल में स्थित मंदिर में श्री मां आद्याशक्ति दक्षिण काली की विशाल प्रतिमा अत्यन्त मनोहारी है। पूर्वान्चल में ऐसे आकर्षक भव्य कालिका धाम मंदिर की महिमा अत्यन्त निराली है। यहां मां का दर्शन पूजन एवं श्रद्धा समर्पण करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंगलवार को मां काली का भव्य श्रृंगार कर पूजन अर्चन आरती करके पट खोल दिया गया। इसके बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। सुबह से लेकर देर रात्रि तक मां काली का दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। सप्तमी का दिन कालरात्रि का दिन है। इस दिन मां काली का भव्य श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिए आए श्रद्धालु नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर हाजिरी लगाये। मां के जयकारे व घंटे– घड़ियाल की ध्वनि से पूरा वातावरण जागृत हो गया। इस अवसर पर मंदिर के संचालक व प्रधान पुजारी भगवती सिंह के अलावा दलसिंगार विश्वकर्मा, रामपाल विश्वकर्मा, एसपी सिंह, वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, पप्पू सिंह, अमित निगम, दीपक श्रीवास्तव, संतोष चतुर्वेदी, मनीष सोनकर, विक्रम गुप्त, सर्वेश सिंह, भानु मौर्या, विपिन सिंह, वंदेश सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित उपस्थित रहे।



# 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन 29 मार्च को

**-गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजन**
**-प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह होंगे आयोजन के मुख्य अतिथि**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,
समाज जागरण

बलिया : बाल वाटिका व प्राथमिक विद्यालयों में तीन साल आयु वर्ग से अधिक के बच्चों को नामांकित कराने के लिए हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन 29 मार्च



को होगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने बताया कि अभिभावकों को प्रोत्साहित व खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश में बेसिक शिक्षा और बाल विकास विभाग की ओर से 'हमारा आंगन, हमारे बच्चें' कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के सन्दर्भ में 29 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में उत्सव का आयोजन किया गया है। उत्सव के मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह होंगे।

# योग प्रशिक्षक राज यादव को महाविद्यालय के अध्यापकों ने किया सम्मानित

**दिलीप जायसवाल, समाज जागरण जौनपुर।** नगर के शाहगंज पड़ाव पर स्थित कालेज में बी.एड. विभाग के छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं लिए आयोजित 5 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। योग प्रशिक्षक राज यादव जिला महाविद्यालय प्रभारी युवा भारत पतंजलि जौनपुर ने योगिंग, जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, बृक्षासन, ताड़ासन, ध्रुवासन सहित तमाम आसनों एवं भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, शीतली प्राणायाम का विधिवत अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि हमारे दैनिक जीवन में योग की बहुत उपयोगिता है। यदि हमें स्वस्थ और खुशहाल जीवन व्यतीत करना है तो हमें योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि योग से हमारा शरीर ऊजार्वान रहता है। योग के माध्यम से हम तनाव रहित और अपने व्यक्तित्व तथा चरित्र में भी सुधार लाते है। अन्त में प्राचार्य सहित बीएड विभागाध्यक्ष डॉ सुनील दत्त मिश्रा, डॉ प्रज्वलित यादव, डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ संतोष यादव, डॉ गुलाब मौर्य के अलावा समस्त स्टाफ ने योग प्रशिक्षक राज यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तमाम लोगों की उपस्थिति रही।



# पचरा गाते धार चढ़ाने मंदिर पहुंची महिलाएं

जौनपुर। नगर के ईशापुर मोहल्ले में स्थित श्री संकट मोचन मन्दिर में चैत्र नवरात्रि को लेकर दर्शनार्थियों की निरन्तर भीड़ उमड़ रही है। देखा जा रहा है कि क्षेत्रीय महिलाएं सुबह पूजा–पाठ करने के उपरांत शाम को धार चढ़ाने आती हैं। इस दौरान महिलाओं द्वारा देवी गीत के रूप में पचरा आदि की प्रस्तुति की जाती है। यह आयोजन पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है जहां जिलाजीत द्वारा मन्दिर प्रांगण में विधि–विधान से अनुष्ठान कराया जाता है। इस बाबत आयोजन मण्डल के सदस्य जगदीश प्रसाद गुप्ता एवं अभिषेक गुप्ता ने बताया कि उक्त देवस्थल पर यह आयोजन पिछले कई दशकों से होता चला आ रहा है।



# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता समाज जागरण मड़ियाहूं, जौनपुर । जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में आज 28 मार्च दिन मंगलवार को क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के निर्देशन में कोतवाली मड़ियाहूं पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर न्यायालय द्वारा वांछित अभियुक्त धीरज यादव पुत्र प्रेमनारायन यादव उर्फ बाबा निवासी ग्राम पिपरा थाना मडियाहूँ, जौनपुर को पोलिस ने मोकलपुर मोड़ के पास से समय करीब दोपहर के 1.35 बजे गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार दिनांक 09 मार्च को ब्लाक मडियाहूँ में धीरज यादव पुत्र प्रेमनरायन यादव उर्फ बाबा, कमलेश यादव पुत्र रामदुलार यादव निवासी गण पिपरा थाना मडियाहू जौनपुर द्वारा ब्लाक के बडे बाबू हरिश्चन्द्र मौर्या व ड्राइवर को गाली गलौज देते हुए मारने पीटने व शासकीय पत्रावली फांड़ देने के सम्बन्ध में बडे बाबू की तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक 09 मार्च को मु0अ0सं0-26/2023 धारा-353/332/504/506/204 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जाती रही थीतत्पश्चात मा0 न्यायालय से अभियुक्तगण के विरूद्ध दिनांक 21मार्च को ठइह का आदेश प्राप्त किया गया तथा जिसके अनुपालन में पतारसी सुरागरसी करते हुए आज 28मार्च को अभियुक्त धीरज यादव पुत्र प्रेमनरायन यादव उर्फ बाबा निवासी पिपरा थाना मडियाहूँ, जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया और पोलिस आगे की विधिक कार्यवाही कर रही है। गिरफ्तारी टीम का नेतृत्व

प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह थाना/कोतवाली मडियाहूँ कर रहे थे एवं साथ में व.उ.नि. संतोष कुमार शुक्ला, उ0नि0 शिवभंजन प्रसाद, उ0नि0 संतराम यादव, हे.का. दीपचन्द्र चौहान, हे.का. कालिका यादव, का. भाष्करानन्द, का0 प्रिंस कुमार उपाध्याय, का0 भानू प्रताप यादव प्रमुख रूप से रहे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनपद स्तरीय कार्यशाला संपन्न

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,
समाज जागरण

बलिया : शिक्षक हितों के लिए समर्पित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) जनपद बलिया की एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला एवं साधारण सभा का आयोजन जिला मुख्यालय पर जिला संयोजक राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में जनपद बलिया के सभी ब्लॉकों के संयोजक, सहसंयोजकों तथा शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों ने सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग किया। बैठक का शुभारम्भ जिला संयोजक राजेश कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला संयोजक राजेश कुमार सिंह एवं संचालन ज्ञानप्रकाश उपाध्याय



ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला संयोजक राजेश सिंह ने कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सिद्धांत एवं व्यवहार को धरातल पर लाने का वचन दिया। कार्यशाला को जिला सह संयोजक प्रमोद सिंह, अकीलुर्रहमान खां, रवीन्द्र सिंह, जिला सहसंयोजक अमरेंद्र सिंह, कृष्णानन्द पाण्डेय, कविता सिंह, रामाशीष यादव, पुष्पेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय व ब्लॉक संयोजक गणेश यादव, राजेश सिंह, ओंकारनाथ सिंह, डॉङ्क विनय भारद्वाज, अनिल सिंह, राजीव सिंह, नितीश राय, राघवेंद्र सिंह, अंकुर द्विवेदी साथ ही संजीव सिंह व सुमन तिवारी ने सम्बोधित किया। कार्यशाला में जनपद भर से अधिकाधिक संख्या में शिक्षकों ने सहभाग किया।

# मनुष्य की जीवन यात्रा का प्रत्येक पल है बहुत महत्वपूर्ण : विनय ब्रहमचारी

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : मनुष्य की जीवन यात्रा का एक-एक पल बहुत हीमहत्वपूर्ण है । उक्त बातें सोमवार को एलबी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में स्थित मां कालरात्रि मंदिर के प्रांगण में नवरात्रि के पावन अवसर पर चल रहे शतचंडी पाठ यज्ञ में क्षेत्र के महान अदभुत संत विनय ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा ।

महाराज जी के पहुंचते ही क्षेत्र के भक्तों द्वारा पूज्य महाराज श्री के जयकारों से पुरा प्रांगण गूंज उठा। श्री ब्रह्मचारी जी महाराज ने सर्वप्रथम मां कालरात्रि के दरबार में एवं हनुमान जी महाराज के दरबार में माथा टेका इसके बाद उपस्थित सभी भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद अवनिंद्र ओझा पप्पू ने माला पहनाकर स्वागत किया। तो रिंकू ओझा, पिंकू ओझा, रवीन्द्र ओझा सहित कई लोगों ने महाराज जी की आरती उतारी। तत्पश्चात महाराज जी ने उपस्थित सभी लोगों को अपना आशीर्वाद दिया और प्रवचन करते हुए कहा की मनुष्य की जीवन यात्रा का एक एक पल बहुत महत्वपूर्ण है। इसको व्यर्थ न जाने दे, अपने सारे घर के काम करते हुए प्रभु परमात्मा का स्मरण जरूर करते रहें। इससे आपके जीवन में मंगलमय एवं कल्याण होगा। अन्यथा कलयुग में पापाचार, अत्याचार, लूट, झूठ का बोल बाला ज्यादा है। गौ माता की सेवा मानव जीवन में बहुत जरुरी है। शुद्ध मन , शुद्ध अन्न और शुभ धन से किए गए कार्य से मानव जीवन स्वस्थ और सुखी रहेगा । तुम्हे चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। परमात्मा और प्रकृति है सभी की चिंता करने वाले। आप लोग बस अच्छे कर्म करते हुए प्रभु को याद करते रहिए।

# स्कूल व अस्पताल पर अचानक पहुँचे डीएम, कई कर्मियों पर गिरेगी गाज

**-जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण**
**-विद्यालय पर मिला ताला बंद, अस्पताल पर कर्मचारी मिले गायब**
**-शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से हुए सच का सामना पर जिलाधिकारी गंभीर**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने शिक्षा क्षेत्र गड़वार के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फेफना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में ताला बंद मिला तो सीएचसी के कर्मचारी गायब मिले। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से डीएम सच से हुए सामना पर वे काफी गंभीर दिखे।

औचक निरीक्षण से नाराज ज़िलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक भानु प्रकाश पांडे और सहायक अध्यापक संतोष कुमार पर विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश बीएससी मनीराम सिंह को दिया तथा खंड शिक्षा अधिकारी गड़वार से भी स्पष्टीकरण तलब किया। सीएचसी फेफना के निरीक्षण में चीफ फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय अनुपस्थित मिले। सीएससी पर उपस्थित स्टाफ नर्स अनीता पटेल ने बताया कि यह अस्पताल बंद है। जिलाधिकारी ने चीफ फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय का वेतन रोकने का निर्देश सीएमओ डा. जयंत कुमार को दिया। इसके बाद आरोग्य केंद्र नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गड़वार का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थिति पुस्तिका की जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र के कर्मचारी चंद्रभान रावत, सुनील कुमार और डॉक्टर एसके पांडेय अनुपस्थित मिले। ओपीडी रजिस्टर भी डॉक्टर एनके पांडेय के द्वारा तैयार नहीं किया गया था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डॉक्टर एनके पांडेय पर कठोर कार्रवाई करते हुए इनके निलंबन की कार्रवाई हेतु पत्र शासन को भेजा जाए।

# गंगा के कटान से बैठ गया स्पर के पोज का पूर्वी हिस्सा

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : गंगापुर के हुकुम छपरा में गंगा के सोहरा कटान से बैठ गया स्पर के नोज का पूर्वी हिस्सा। जिससे इलाकाई लोगों सहित बाढ़ विभाग के अधिकारी सहित कर्मचारियों की दिक्कत बढ़ी हुई प्रतीत होने लगी।



रविवार की देर रात्रि को रामगढ़ गंगापुर के हुकुम छपरा गंगा घाट के पश्चिम दिशा में स्पर संख्या 26,300 किमी पर बाढ़ विभाग द्वारा कराए जा रहे कटान रोधी कार्यों को गंगा की सोहरा कटान की शांत लहरो ने लगभग 100 मीटर तक नोज का पूर्वी हिस्सा अपने अगोस में ले लिया। जिससे नव निर्मित स्पर के नोज का पूर्वी हिस्सा आधे से ज्यादा गंगा के सोहरा कटान में बैठ गया। कटान की सूचना पर सोमवार की सुबह बाढ़ विभाग के अधिकारी अवर अभियंता मोहित गुप्ता ने मौके पर पहुच कर स्थिति का जायजा लिया। और कार्यदाई संस्था के ठेकेदार को मानक का ध्यान रखते हुए तेज गति से कटान रोधी कार्य करने को

# सनबीम स्कूल बलिया द्वारा निर्मित पुलिस सहायता केंद्र का हुआ उद्घाटन

### *पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने फीता काटकर किया सुविधा केंद्र का शुभारंभ*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : एक अच्छे समाज का निर्माण तभी हो सकता है जब उसमे रहने वाला प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इसी क्रम में नगर के अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल अपने शैक्षणिक कार्यों के साथ साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी पूरी निष्ठा और सच्चाई से करता है। इसी क्रम में विद्यालय ने पब्लिक और समाज के हितों के लिए पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण कराया गया है। मंगलवार को इसका उद्घाटन हुआ।




सनद रहे फेफना थाना के अंतर्गत अगरसंडा ग्राम में विद्यालय द्वारा निर्मित पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन 28 मार्च को राजकरन नय्यर पुलिस अधीक्षक द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी सदर अशोक कुमार मिश्रा , थानाध्यक्ष फेफना रोहन राकेश सिंह भी उपस्थित रहे। इस सहायता केंद्र द्वारा अगरसंडा तथा उस्-के आस पास के ग्रामों में बढ़ते अपराधों को रोकने में सहायता मिलेगी। इस विषय पर चर्चा करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरूण सिंह ने बताया कि ग्रामसभा के निकट कोई भी पुलिस सहायता केंद्र न होने से ग्रामवासियों को अनेकों असुविधाओं का सामना करना पड़ता था तथा रात्रि में अपराधिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी हो रही थी जिसके तहत इन पर नियंत्रण पाने के लिए इस सहायता केंद्र का निर्माण कराया गया। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने बताया कि विद्यालय परिवार सदैव ही अपने दायित्वों के प्रति सजग रहता है, इससे पूर्व भी विद्यालय रोडवेज बस स्टेशन, कुंवर सिंह चौराहा और थाना कोतवाली बलिया में भी महिला पुलिस हेल्प बूथ का निर्माण और लोकार्पण कराया गया है तथा भविष्य में विद्यालय ऐसे सामाजिक कार्यों के सदैव तत्पर रहेगा।

# आचार्यों द्वारा सप्तशती पाठ वाचन से भक्तिमय हुआ वातावरण

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : श्री जंगली बाबा धाम पर चल रहे नौ दिवसीय पाठात्मक शतचंडी महायज्ञ में आचार्यों द्वारा




सप्तशती पाठ के वाचन से वातावरण भक्तिमय हो गया है।

महायज्ञ के 7वें दिन भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य पं. राहुल उपाध्याय ने देवी महात्म्य के बारे में उपस्थित भक्तों को बताते हुए कहा कि दुर्गा माँ का एक नाम चंडी भी है। मार्कंडेय पुराण के अंतर्गत दुर्गा सप्तशती में माता चंडी का महत्व बताया गया है। देवी के विविध रूपों व पराक्रमों का विस्तार से वर्णन किया गया है। कहा कि नवरात्र में देवी के पूजा उपासना से मानव मात्र के ताप, पाप, संताप मिटते हैं और ऐश्वर्य, सन्तति, सौभाग्य आदि की प्राप्ति होती है। कहा कि नवरात्र जगत जननी माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का काल है। विचारणीय तथ्य यह है कि 13 अध्यायों में विभक्त चंडिका की स्तुति के रूप में ग्राह्य 700 मंत्र चंडिका के शाब्दिक स्वरूप है। इसे सप्तशती स्त्रोत के नाम से जाना जाता है।

# चरण पादुका वंदन और शोभा यात्रा का भव्य आयोजन

**विवेक राय, समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : वासंतिक नवरात्र में मां भगवती



विंध्यवासिनी मंदिर नरहीं पर पूरे नवरात्र तक धार्मिक अनुष्ठान आयोजन किया गया है। सप्तमी के दिन मां विंध्यवासिनी धाम सेवा समिति द्वारा मंगलवार को घोड़े गाजे बाजे के साथ चरण पादुका वंदन एवं शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकली।

इसके बाद माता के जयकारों की गूंज पूरे गांव में गुंजायमान रहा इस शोभायात्रा में भारी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह शोभायात्रा नरहीं गांव का परिक्रमा करते हुए पुनः शाम को मां विंध्यवासिनी मंदिर पर पहुंचा। इस शोभायात्रा को रास्ते में लोगों ने जगह जगह भव्य स्वागत किया। विंध्यवासिनी मंदिर पर 30 मार्च को कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे के आयोजन किया गया है जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

## खाद्य कारोबारकताओं एवं आमजनमानस को वैन करेगी जागरूक

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : खाद्य कारोबारकताओं एवं आमजनमानस को खाद्य पदार्थ में मिलावट के प्रति जागरूक करने के लिये मंगलवार को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट में सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्ट्रेट से रवाना हुई सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन ने टीडी कालेज चौराहा एवं कुँवर सिंह चौराहा पर 26 खाद्य पदार्थों की जांच की। इसमे चार की जांच रिपोर्ट सही नहीं पाई गई।




लोगो को जागरूक करने के लिए वैन एलईडी स्क्रीन है जो वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी। इसमें क्या खाये" क्या न खाये, खाद्य पदार्थ खरीदते समय क्या ध्यान रखें" आदि का विस्तार से रोचक प्रस्तुति की गयी है। सहायक आयुक्त (द्वितीय) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशाशन वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि वैन के अन्दर स्थापित छोटी प्रयोगशाला द्वारा समस्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की जॉच कर मौके पर ही उसकी रिपोर्ट से आम जनमानस एवं खाद्य कारोबारकताओं को अवगत कर-ाकर जागरूक किया जाता है। नवरात्रि पर्व के देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से सिघाड़ा आटा, किसमिस, सेवई, साबुदाना आदि के कुल 08 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

# इतिहास में पहली बार हुआ नगरा में.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : इतिहास में पहली बार वर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ ने नगरा में पथ संचलन किया। इस दौरान सभी स्वंयसेवक हाथों में दण्ड लिये कदम से कदम मिला कर चल रहे थे। पथ संचलन का बाजार में जगह जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत भी किया गया।

पथ संचलन में शामिल स्वंयसेवक नगरा सिकंदरपुर मार्ग, नगरा रसडा मार्ग, नगरा भीमपुरा मार्ग व नगरा बिल्थरारोड मार्ग का भ्रमण किया। संघ के पथ संचलन में अनुशासन व समयबद्धता देखी गयी। सर्व प्रथम भारत माता व संघ के संस्थापक केशव राव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ध्वज को प्रणाम कर पूजा की गयी। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के पथ संचलन को देखने के लिये सडकों पर बडी संख्या नगरवासी मौजूद रहे। स्वंयसेवक भारत माता की जय व वंदेमातरम की जयघोष कर रहे थे। वक्ताओं ने लोगों से राष्ट्र निर्माण में कार्य करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने हिंदुत्व पर बल दिया। कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के उत्थान के लिये युवा आगे आयें। राष्ट्र निर्माण में सभी आहुति दें। पथ संचलन में ध्वज वाहिनी घोष व घोष दंड शामिल थे। पथ संचलन से पूर्व बौद्धिक कार्यक्रम



में संगठन गढे चलो, सुपंथ पर बढे चलो, भला हो जिसमें देश का वो काम सब किये चलो गीत गाया गया। पथ संचलन में प्रांत सह कार्यवाह विनय जी, नगर संघ चालक बजरंगबली सिंह, सह जिला संघ चालक डा. रामबाबू, पूर्व राज्यमंत्री छट्ठू राम, अरविंद नारायण सिंह, सौरभ किशोर मिश्र, देवनारायण प्रजापति, जयप्रकाश जायसवाल, राधेश्याम सिंह, वेद प्रकाश सिंह, राजीव कुमार सिंह चंदेल, गणपति गोड शामिल रहे। अध्यक्षता ज्योतिष मार्तंड डा. शिवकुमार शुक्ल ने किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह मय फोर्स उपस्थित रहे।

# भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक

**- इंदारा में आयोजित की गई श्रीमद्भागवत कथा, बही भक्ति की बयार**
**- माखन चोर की लीलाओं का बखान, श्रद्धालु भावविभोर**

**अनुराग सिंह, दैनिक समाज जागरण**

कोपागंज, मऊ : अदरी नगर पंचायत के इंदारा स्टेशन रोड वार्ड नम्बर चार के जन कल्याण श्री दुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मंदिर के प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य अमित पांडेय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी व गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणा दायक हैं। कहा-बालक कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थीं कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं विभिन्न प्रकार के भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रहीं थीं। श्री कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन व्रसासुर को मारने वाले तथा मेघ एवं देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इससे प्रसन्न होकर इंद्र ब्रज में वर्षा करते हैं। इससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है। हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। तभी से दिवाली के बाद सभी घरों में गोवर्धन की पूजा की जाती है। कथावाचक ने



अन्य प्रसंगों को भी सुनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भागवत गुप्ता, चंदन गुप्ता, बजरंगी लाल, प्रिंस गुप्ता, राजेश मद्धेशिया, सुरेश मद्धेशिया, दिलीप जायसवाल, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अचानक सियार के आ जाने से बाइक सवार पति पत्नी सड़क पर गिरकर घायल

**संतोष कुमार सिंह, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : भीमपुरा-नगरा मार्ग पर ताड़ीबड़ा गांव के समीप मंगलवार को सायंकाल घर जाते वक़्त सामने अचानक सियार के आ जाने से बाइक सवार पति पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा पहुंचाई जहां उसका उपचार चल रहा है।

भीमपुरा थाना क्षेत्र के कासौंडर निवासी पति पत्नी 42 वर्षीय शिव कुमार सिंह व 40 वर्षीय कंचन सिंह किसी कार्य से बाइक से नगरा आए थे तथा सायंकाल वापस घर जा रहे थे। अभी बाइक सवार ताड़ीबड़ा गांव के काली मन्दिर के समीप ही पहुंचे थे कि सामने अचानक सियार आ गया। सियार को बचाने में पति पत्नी बाइक सहित असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने फोन कर एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस घायलों को लेकर सीएचसी गई। वहां घायलों का इलाज चल रहा है।

## शाखा प्रबन्धक ने किया थानाध्यक्ष से मुलाकात

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के परसा स्थित बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक पियूष कान्त कुशवाहा ने करीमुद्दीनपुर थाने में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव से मुलाकात किया। उन्होंने अपने बैंक की सभी योजनाओं से उपस्थित सभी स्टाफ को अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को अपने और अन्य बैंकों के योजनाओं से संबंधित सभी प्रश्नों का उत्तर देकर सभी को संतुष्ट किया।इस मौके पर पियुष कान्त ने बताया की बैंक ऑफ बड़ौदा एवं यूपी पुलिस के मध्य आपसी सहमति से समझौता हुआ

# नक्शा अवशेष होने पर जताई नाराजगी, त्रुटि रहित सर्वे का आदेश

**- तहसील मधुबन का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण**
**- खामियों को शीघ्र ठीक न करने पर कड़ी कार्यवाई की दी चेतावनी**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील मधुबन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी कोर्ट, उप जिलाधिकारी कोर्ट (न्यायिक) तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट, रिकॉर्ड रूम सहित अन्य कक्षों का भी निरीक्षण कर संबंधित अभिलेखों की जांच जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जांच के दौरान स्वामित्व योजना के तहत अभी भी 45 गावों के नक्शे भेजने हेतु अवशेष पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मधुबन को शीघ्र ही त्रुटि रहित सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए समस्त ग्रामो का भूलेख सत्यापन करने के निर्देश दिए। पट्टा आवंटन के अभिलेखों की जांच के दौरान कृषि हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम पट्टा आवंटन पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन शिकायतों से संबंधित अभिलेखों की जांच के दौरान मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर से संदर्भित 5 एवं जिलाधिकारी संदर्भित 21 मामलों के लंबित पाए जाने पर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। निवास प्रमाण पत्र के 1 सप्ताह से अधिक के लंबित 47 आवेदन, लोक संबोधन प्रणाली के लिए अनुज्ञा से संबंधित 1 माह से अधिक लंबित 250 आवेदन तथा माननीय



मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के तहत 1 माह से अधिक लंबित 2 आवेदनों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने तहसील परिसर स्थित समस्त कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करते हुए सारे अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार अव्यवस्थित पाए जाने तथा राजस्व ग्रामों के समस्त रिकॉर्ड संबंधित बस्ता सूची में व्यवस्थित ढंग से ना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने 15 दिनों के अंदर अभिलेखागार को ठीक ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए। कर्मचारियों के सर्विस बुक भी निरीक्षण के दौरान अपडेट नहीं पाए गए, जिन्हें 2 दिनों के अंदर अपडेट करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। संग्रह कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमीन वार जारी आरसी एवं वसूली की स्थिति से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की। साथ ही अमीनों की वसूली संतोषजनक न पाए जाए पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। 10 बड़े बकायेदारों से वसूली से संबंधित अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान फरवरी महीने में मात्र 2 लाख की वसूली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने बड़े बकायेदारों के बैंक खातों की जांच कर वसूली करने के साथ ही उनकी अचल संपत्तियों को चिन्हित करते हुए नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर वसूली करने के निर्देश दिए।रियल टाइम खतौनी, आय एवम् जाति प्रमाण पत्रों को जारी करने की स्थिति निरीक्षण के दौरान संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय से संबंधित पत्रावलियों की भी जांच की। जिलाधिकारी ने उच्च न्यायालय से संबंधित सभी मामलों का समय सीमा के अंदर ही निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पेयजल की सुविधा से वंचित आंगनबाड़ी को चिन्हित करें - सीडीओ

**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण/कन्वर्जेस समिति एवं जिला अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक**

## अपूर्ण कार्यो वाले विकास खंडों में कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में पोषण अभियान के अंतर्गत जिला पोषण समिति/कन्वर्जेंस समिति एवं जिला अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया जनपद में कुल 2587 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधा की चर्चा के दौरान डी.पी.ओ. ने बताया कि जनपद के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की सुविधा नहीं है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को पेयजल योजना के तहत सभी केंद्रों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन केंद्रों पर शौचालय की उपलब्धता नहीं है वहां पर जिला पंचायत राज अधिकारी को इसकी व्यवस्था यथाशीघ्र सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को भी कहा। आंगनव-ाड़ी केंद्रों पर अध्ययनरत बच्चों को फोटीफाईड चावल वितरण की धीमी प्रगति पर उन्होंने तेजी से वितरण करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के वजन करने की मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का नियमित वजन कराकर आवश्यक वस्तुएं दी जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी सी.डी.पी.ओ. को पत्र जारी करें जिससे अगली बैठक में कम प्रगति पर संबंधित के



खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों की आधार फिडिंग, राशन वितरण की फीडिंग एवं वजन की स्थिति की फिडिंग आदि में विकास खंड बडरॉव, घोसी एवं दोहरीघाट की धीमी प्रगति पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित सी.डी.पी.ओ. को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक के दौरान ही मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण की प्रगति, जनप्रतिनिधि एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति, ब्लॉक स्तरीय कन्वर्जेंस समिति, अनुश्रवण समिति, निपुण भारत आदि की मासिक समीक्षा की गयी।

# अपने ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रयास कर रहे प्रधान और सचिव

**विवेक राय, समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : अगर मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता है। ऐसा ही कुछ ग्राम पंचायत नरहीं के ग्राम प्रधान राम नारायण पासवान ग्राम पंचायत अधिकारी शशि भूषण ठाकुर मनोयोग से अपने ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत में जगह-जगह सोख्ता गड्ढा, नालिया, प्लास्टिक बैग दीवारों पर स्लोगन का कार्य करवाया गया है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए घर घर के गीला और सूखा कचरा इकट्ठा करके आरसी सेंटर पर पहुंचाने के लिए ई-रिक्शा वाहन खरीदा गया। ई-रिक्सा की पूजा स्वयं सहायता समूह की समूह सखी प्रवीण राय द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राम नारायण पासवान, ग्राम पंचायत अधिकारी शशि भूषण ठाकुर, पंचायत सहायक बबीता कुमारी, विजेंद्र पटेल आदि लोग मौजूद रहे।



# आरएसएस गुरुकुल में छठवें एनुअल डे का हुआ आयोजन

**रजनीश कुमार श्रीवास्तव, समाज जागरण**



सिकंदरपुर (बलिया) : क्षेत्र के कटघरा जमालपुर स्थित आरएसएस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी एकेडमी बंशी बाजार में छठवा वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया।
आयोजन में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक देशभक्ति धार्मिक एवं अन्य मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसकी दर्शकों द्वारा भरपूर सराहना मिली। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर जयप्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्र ग्रुप ए से कक्षा नर्सरी अ की छात्रा रुचि ग्रुप बी से कक्षा पहली अ की छात्रा समीक्षा गुप्ता ग्रुप सी से कक्षा आठवीं अ का छात्र आयुष कुमार एवं ग्रुप डी से कक्षा नवी अ का छात्र अभय कुमार को साईकिल एवं स्कूल टॉपर छात्र कक्षा आठवीं अ के आयुष कुमार को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद एवं पूरे विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक जयप्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह द्वारा आए हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के अध्यक्ष रामकृष्ण उपाध्याय, केशव प्रसाद चौधरी ब्लॉक प्रमुख नवानगर, राजेश कुमार यादव उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर, डॉ अलका राय, करुणानिधि तिवारी, पिंटू सिंह पूर्व प्रधान कटघरा, आदि प्रतिष्ठित जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता, उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार दुबे, परीक्षा प्रभारी सुदर्शन सिंह, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राजभर एवं नितेश गुप्ता, प्रार्थना प्रभारी आदित्य राय आदि, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का प्रयास सराहनीय रहा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक प्रभारी अजीत कुमार यादव द्वारा किया गया।

# कोतमा विधानसभा से सशक्त दावेदार हो सकती हैं अमिता

**समाज जागरण**

कोतमा। शहडोल संभाग की इकलौती अनारक्षित सीट कोतमा विधानसभा चुनाव आते ही चर्चा का विषय बन जाती है संभाग के लगभग अनारक्षित वर्ग के सभी मजबूत नेता यहां से अपनी दावेदारी पेश करते हैं। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस दोनों ही दलों से संभाग के भीतर से कई प्रत्याशी दावेदारी करते नजर आ रहे हैं। भाजपा संगठन से भी शहडोल,ब्यौहारी,उमरिया के कई नेता अपनी मजबूत दावेदारी रख रहे हैं। इस सीट से भाजपा के कई संभावित दावेदार लगे हुए हैं।कोतमा विधानसभा की सीट जब से अनारक्षित हुई है तभी से भाजपा संगठन द्वारा किसी



भी सामान्य वर्ग को आज तक विधानसभा की टिकट नहीं दी गयी है जबकि कई सारे योग्य प्रत्याशी इन वर्ग से आते हैं आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में दावेदारों की संख्या बढ़ने से भाजपा में फुट होने की प्रबल संभावना दिख रही है। यहां की भाजपा कई गुटों में बंटी हुई नजर आ रही है इन सबके बीच एक नाम ऐसा भी है जो भाजपा संगठन में अंदर ही अंदर बहुत तेजी से चल रहा है। और वह नाम महिला वित्त विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा हो सकती हैं। इनका राजनीतिक कैरियर देखा जाए तो विद्यार्थी परिषद में कई वर्षों तक विभिन्न दायित्व में रही राज्य महिला आयोग में सदस्य रह चुकी हैं और वर्तमान में कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी उन्हें प्राप्त है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ विद्यार्थी परिषद में कार्य कर चुकी हैं । कोतमा विधानसभा सीट में भाजपा आपसी गुटबाजी को खत्म करने के लिए एक निर्विवाद नाम अमिता चपरा को भी उतार सकती है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाडली बहना श्रीमती पूजा मालवीय का लाडली बहना योजना का आवेदन भरा

# बहनों के जीवन को सरल, सुखद बनाना ही मेरे जीवन का ध्येय- मुख्यमंत्री श्री चौहान

*बहने सशक्त होंगी तो परिवार, समाज, प्रदेश और देश सशक्त होगा- मुख्यमंत्री श्री चौहान*

*बहनों के लिए वरदान साबित होगी लाडली बहना योजना - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह*

भोपाल, रायसेन। मुख्यमंत्री एमपी के मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना मेरे दिल से निकली योजना है, जो बहनों के लिए वरदान साबित होगी। बहनों के जीवन को सरल तथा सुखद बनाना ही मेरे जीवन का ध्येय है। बहनों को जिस तरह राजनैतिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया गया है, अब उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त किया जाना मेरा लक्ष्य है। बहने अपनी छोटी-मोटी जरूरतों और पैसों की आवश्यकता के लिए परेशान न हो, इसलिए लाडली बहना योजना के तहत हर महीने बहनों को एक-एक हजार रूपए उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि बहनें इस राशि का उपयोग परिवार के सुदृढ़ीकरण और बेहतरी के लिए करेंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान सलकनपुर में लाडली बहना योजना के फार्म भरने के लिए लगाए गए कैम्प में नागरिकों को संबोधित कर रहे थे ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना, बहनों का सम्मान बढ़ाने का महायज्ञ है। बहने सशक्त होंगी तो परिवार, समाज, प्रदेश और देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि बहनों को योजना में आवेदन करने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। हर गाँव और हर वार्ड में शिविर लगाए जा रहे है और आवेदन भरने में मदद करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। बहनें योजना का लाभ लेने के लिए किसी भी बिचौलिए और दलाल के झाँसे में न आएँ।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय ढाई लाख रूपए से कम है, जिनके पास 5 एकड़ से कम भूमि है और जिन परिवारों में कोई आयकर दाता नहीं हो, ऐसे परिवारों की 23 से 60 आयु वर्ग की बहनें योजना के लिए पात्र हैं। बहनों को यह राशि उपलब्ध



कराने से बहनों के साथ पूरे परिवार का भी कल्याण होगा। योजना के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन भरे जाएंगे। मई माह में आवेदनों की जाँच होगी और 10 जून को पहली किस्त बहनों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी।

### बहनों को कही जाने की जरूरत नही गाँव में ही फार्म भरवाए जा रहे है फार्म

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरी बहनों को कोई दिक्कत न हो, यह मेरा कर्त्तव्य है। इसलिए योजना में आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल बनाया गया है। योजना के फॉर्म आपके गाँव और शहर के वार्डों में भरवाए जा रहे है। बहनों को लोक सेवा केंद्र या कही और जाने की जरूरत नहीं है। सभी गाँव एवं नगरीय वार्डों में कर्मचारियों को भेजकर फार्म भरवाए जा रहे है। उन्होंनें कहा कि वैसे तो फार्म की अंतिम तिथि 30 अप्रैल रखी गई है, लेकिन जब तक सभी बहनों के आवेदन नहीं भर जाते तब तक शिविर लगाकर फार्म भरे जाएंगे।

### यदि कोई पैसा मांगता है तो सीएम हेल्पलाइन 181 नंबर पर करें शिकायत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ई-केवाईसी के लिए कोई शुल्क नहीं लग रहा है। शासन द्वारा एक ई-केवाईसी के लिए 15 रूपए का भुगतान संबंधित कॉमन सर्विस सेंटर्स को किया जाएगा। यदि किसी बहन से कोई ई-केवाईसी के लिए पैसा मांगता है, तो सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बहनों को एक भी पैसा देने की जरूरत नहीं है। ई-केवाईसी इसलिए कराई जा रही है, जिससे बहनों के खाते में ही पैसा जाए। बहने निश्चिंत रहें, उनकी सारी चिंताएँ हमारी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाडली बहना श्रीमती पूजा मालवीय का लाडली बहना योजना का आवेदन भरा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बहनों को योजना में आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से बहन श्रीमती पूजा मालवीय का आवेदन भरा और आवेदन की समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें पावती भी दी। इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि आवेदन के लिए समग्र आईडी नम्बर और आधार नम्बर आवश्यक है। इसके अलावा अन्य दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान श्रीमती पूजा मालवीय ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को रक्षासूत्र बांधा और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बहन पूजा को मिठाई खिलाई।

# सामर्थ्य और संभावना को प्रदर्शित करती हैं करोड़ों की योजनाएं : सीएम योगी

## जीडीए की खोराबार टाउनशिप व मेडिसिटी मुख्यमंत्री के हाथों लांच

*3838 करोड़ रुपये की 172 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया सीएम ने*

गोरखपुर, 28 मार्च। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दौर वह भी था जब जनता पांच-दस लाख रुपये की सड़क बनने पर खुश होकर उसीको नियति मान लेती थी। आज एक साथ हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरूआत होती है। यह हमारे सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। साथ ही रोजगार की संभावनाओं को भी आगे बढ़ाता है।

सीएम योगी मंगलवार शाम गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की विश्व स्तरीय सुविधाओं वाली खोराबार टाउनशिप व मेडिसिटी की लांचिंग, 3838 करोड़ रुपये की 172 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### आकार ले रहा नया गोरखपुर

सभी को वासंतिक नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर एक नए गोरखपुर के रूप में उभर रहा है। यहां एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। 14 फ्लाइट से संख्या और बढ़ने वाली है। चौड़ी सड़कें, एम्स, खाद कारखाना, फोरलेन, सिक्सलेन, शहर के चारों तरफ रिंग रोड जैसी परियोजनाएं विकास को और आगे ले जाने में सफलता दिलाएंगी। रामगढ़ताल और चिड़ियाघर का तो कहना ही क्या। शहर सुंदर और आकर्षण का केंद्र बने, इसके लिए ऐसी कई परियोजनाएं आएंगी।

### गोरखपुर में यूज होगा गोरखपुर का पैसा

सीएम ने कहा कि नए गोरखपुर के लिए अभी और कई कार्यक्रम होंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी गोरखपुर के लिए हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। यहां नए होटल्स आ रहे हैं, बड़े अस्पताल बन रहे हैं, नए उद्योग लग रहे हैं, नई टाउनशिप बस रही है। इन सबके साथ जरूरी है कि यहां ऐसे संस्थान भी खुलें जहां से स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रमों से जुड़कर युवा को यहीं नौकरी व रोजगार मिल सके। जब यहां के युवा को बाहर नहीं जाना पड़ेगा, यहीं रोजगार मिल जाएगा तो गोरखपुर का पैसा गोरखपुर में ही यूज (प्रयोग) होगा।

एयरपोर्ट जैसा विकसित होगा गोरखपुर रेलवे स्टेशन
सीएम योगी ने कहा कि नए गोरखपुर में रेलवे स्टेशन भी एयरपोर्ट जैसा विकसित होने जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर वेटिंग एरिया व कैंटीन भी एयरपोर्ट जैसी बेहतरीन होंगे।

### कुशीनगर में खुलेगा कृषि विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर क्षेत्र नौजवानों को आधुनिकतम शिक्षा देने का बड़ा केंद्र बन चुका है। यहां चार विश्वविद्यालय हैं। आने वाले दिनों में गोरखपुर की सीमा पर कुशीनगर जिले में कृषि विश्वविद्यालय भी खुल जाएगा। इससे कृषि के क्षेत्र में जीवन संवारने की चाह रखने वाले युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### बिना धोखेबाजी होने वाला विकास ही वास्तविक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना धोखेबाजी होने वाला विकास ही वास्तविक होता है। विकास की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाते हुए यह भी जरूरी है कि लोग किसी के बहकावे में न आएं। आवास हेतु जमीन के लिए किसी मीडिएटर की चक्कर मे पड़ने की बजाय जीडीए से सम्पर्क करें। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सबको जरूरत के मुताबिक आवास मिले और किसी के साथ धोखा भी न हो।

खोराबार के एक भी गांव में नहीं होगा जलजमाव
खोराबार क्षेत्र को जलजमाव से मुक्त करने की दिशा में तरकुलानी रेगुलेटर के निर्माण का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि इससे कई गांवों में जलजमाव की दिक्कत दूर हो गई है। जल्द ही रामगढ़ताल से तरकुलानी रेगुलेटर तक नाले की ड्रेजिंग भी हो जाएगी। इससे जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान होगा और खोराबार क्षेत्र के एक भी गांव में जलजमाव नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने शहर में जलनिकासी की समस्या के समाधान के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना का भी उल्लेख किया।

### भूमि पूजन के बाद सीएम ने किया पौधरोपण

जीडीए की खोराबार टाउनशिप और मेडिसिटी की लांचिंग समारोह में वैदिक विधि विधान से भूमि पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौधरोपण भी किया। इसके पूर्व सीएम से जीडीए की तरफ से लगाए गए योजनपरक स्टालों, आवसीय वित्त पोषण की सुविधा देने वाले बैंकों के स्टालों का निरीक्षण भी किया।

### दिव्यांगजनों को किया मोटरराइज्ड ट्राइसाइकिल का वितरण

योजनाओं की लांचिंग व विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर 71 दिव्यांगजन को मोटरराइज्ड ट्राइसाइकिल का वितरण किया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की तरफ से सभी को मोटरराइज्ड ट्राइसाइकिल के साथ हेलमेट भी दिया गया था।

# मुख्यमंत्री ने भारत सेवाश्रम संघ के समीप नगर निगम गोरखपुर के 119 कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में भारत सेवा आश्रम संघ परिसर में स्वाधीनता संग्राम सेनानी स्व0 श्री शचीन्द्रनाथ सान्याल के स्मारक का शिलान्यास किया। इस स्मारक स्थल पर श्री शचीन्द्रनाथ सान्याल की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ज्ञातव्य है कि श्री शचीन्द्रनाथ सान्याल स्मृति स्थल को पर्यटन केन्द्र/स्मारक के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 03 करोड़ 06 लाख 47 हजार रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृत कर 01 करोड़ 53 लाख रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं।
मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि भारत सेवाश्रम संघ की स्थापना महान क्रान्तिकारी, सिद्धयोगी स्वामी प्रणवानन्द द्वारा की गई थी। यह वह समय था, जब देश परतंत्र था। एक ओर अंग्रेजों की गुलामी और दूसरी तरफ देश में हो रहे व्यापक साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति। उन स्थितियों में स्वामी प्रणवानन्द महाराज जी ने भारत सेवाश्रम संघ की स्थापना की। स्वामी प्रणवानन्द जी नाथ पंथ के सिद्ध योगी गम्भीरनाथ जी के शिष्य थे और आजीवन उन्होंने गम्भीरनाथ जी को गुरू के समान सम्मान दिया। आज दोनां सिद्ध योगी भौतिक रूप से हमारे बीच में नही हैं, परन्तु सूक्ष्म रूप से उनकी उपस्थिति महसूस की जा सकती है।

# अपने दायित्वों को समझना आज सबसे बड़ी आवश्यकताः सीएम योगी

**-मुख्यमंत्री ने बस्ती में डॉ. वाईडी सिंह के स्मृति ग्रंथ का लोकार्पण और प्रतिमा का किया अनावरण**

**-एक संवदेनशील चिकित्सक के रूप में पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों बच्चों के जीवन को किया सुरक्षितः योगी**

**-प्रत्येक नागरिक ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करे तो भारत बनेगा दुनिया की सबसे बड़ी ताकतः सीएम**



28 मार्च, बस्ती/लखनऊः डॉक्टर वाईडी सिंह का नाम बस्ती, गोरखपुर और पूर्वांचल के हर शख्स की जुबान पर लंबे समय तक बना रहेगा। इस धरती का सौभाग्य है कि उनका जन्म इस धरा पर हुआ था। बस्ती उनकी जन्मभूमि है जबकि गोरखुपर उनकी कर्म स्थली रही। उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज को जो ऊंचाइयां दी वह हम सबके सामने है। उस समय उन्होंने एक संवदेनशील चिकित्सक के रूप में पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों बच्चों के जीवन को बचाने के लिए अपने स्तर पर जो प्रयास किए वह सराहनीय हैं, क्योंकि उस समय मेडिकल कॉलेज के लिए पैसा नहीं होता था। उन्होंने अपने पैसे से बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल विभाग को काफी बेहतरीन बनाया था। जब वह बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के अध्यक्ष थे तो उसे ही मेडिकल कॉलेज का सबसे अच्छा विभाग माना जाता था। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बस्ती के एडी अकादमी धर्मपुर, दुबौलिया बाजार में आयोजित स्व. डॉ. वाईडी सिंह की स्मृति ग्रन्थ लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण पर कहीं।

### व्यक्तित्व में झलकते थे पंच प्रण

सीएम योगी ने कहा कि डॉ. वाईडी सिंह ने बाल रोग विभाग के अध्यक्ष और फिर प्राचार्य के रूप मे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों बच्चों के जीवन में एक परिवर्तन करके उन्हे जीने की एक राह दिखाई। उन्हे दिखाने के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन हजारों लोग आते थे। उनको दिखाने के लिए मेरे पास सिफारिश आती थी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में उनका जैसा कोई समाजसेवी भी नहीं था। बीआरडी मेडिकल कॉलेज बंद होने पर वह अपने घर पर बच्चों को देखते थे। इसके अलावा अपनी मातृ भूमि बस्ती में हर शनिवार और रविवार को फ्री में बच्चों को देखते थे। अक्सर लोग बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर अपना कर्तव्य भूल जाते हैं। अपने दायित्वों को समझना आज के समय में सबसे बड़ी आवश्यकता है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण की बात की थी, जिनकी बहुत सी बातें डॉ. वाईडी के व्यक्तित्व में झलकती थीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण की बात कही थी। अगर देश का हर नागरिक ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे तो भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने में देर नहीं लगेगी। इसके लिए हर नागरिक को अपने कार्य और जिम्मेदारी का संकल्प लेना होगा क्योंकि संकल्प में एक शक्ति होती है इसलिए पूजा के समय पुरोहत हमसे संकल्प लेते हैं।

### बनाई एक संवेदनशील चिकित्सक की पहचान

सीएम ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का सपना हर भारतीय का होना चाहिये। इसके लिए हमें अपनी विरासत का सम्मान करना होगा। बिना भेदभाव-मजहब के अपने कर्तव्यों में लग जाएं। आपने देखा होगा कि सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव सबको मिलती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि हमे जाति और मजहब से ऊपर उठकर देश और उसे विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में सोचना है। प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों के बारे में बताया कि अगर हर नागरिक अपने-अपने कर्तव्यों का पालन करने लग जाए तो विकसित राष्ट्र बनने में देश को देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि यह सभी विशेषताएं डॉ. वाईडी सिंह के व्यक्तित्व में झलकती थीं। उन्होंने गोरखुपर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग को नई ऊंचाई पर पहुंचाने में योगदान दिया। प्राचार्य के रूप में उसे कॉलेज के विकास में भरपूर योगदान दिया। एक संवेदनशील चिकित्सक के रूप में पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौनिहालों के जीवन को बचाने के लिए उस समय जब इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां थीं, उस समय उन्होंने पूरी ताकत के साथ यहां के बच्चों को बचाने के लिए योगदान दिया।

### महर्षि वशिष्ठ के नाम मेडिकल कॉलेज का नामकरण

सीएम ने कहा कि जब वह वहां से सेवानिवृत हुए तो स्नातक प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के माध्यम से भी प्रदेश के विकास के लिए उन्होंने आवाज उठाई। लगातार समाजसेवी के रूप में कार्य करते रहे। उनके समय में पूर्वी उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी अस्पताल में उनके जैसी प्रैक्टिस करने वाला कोई चिकित्सक नहीं था, लेकिन उन्हे इसका अंहकार नहीं था। वह पूरी सहजता, शालीनता के साथ सभी कार्यक्रम में अपना योगदान देते थे। ऐसे लोग अपने कार्यों से स्मरणीय बनते हैं। महर्षि वशिष्ठ ने यहीं से राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने का जो संकल्प लिया था, उसके माध्यम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम बने थे इसलिए यहां पर डबल इंजन की सरकार ने महर्षि वशिष्ठ के नाम पर ही मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया और वह वर्तमान में क्रियाशील है।

# अतीक को हुई सजा तो सोशल मीडिया बोला #योगीहैतोयकीनहै

लखनऊ, 28 मार्च। योगी जो कहते हैं, वो करते हैं। ये बात मंगलवार को एक बार फिर साबित हो गई। सीएम योगी ने हाल ही में सदन के अंदर माफिया को मिट्टी में मिलाने का प्रण लिया था और मंगलवार को कुख्यात माफिया अतीक अहमद को 17 साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाते ही उनका प्रण फिर सिद्ध हो गया। पिछली सरकारों में कानून को जेब में लेकर घूमने वाला अतीक अहमद मंगलवार को कानून के डर से थर-थर कांप रहा था। यह सब सीएम योगी के प्रयासों और कोर्ट में माफिया के खिलाफ मुस्तैदी से की गई पैरवी की बदौलत संभव हो सका। जो लोग योगी को जानते हैं उन्हें यकीन था कि एक न एक दिन यह लम्हा जरूर आएगा। इसीलिए सोशल मीडिया पर मंगलवार को #योगीहैतोयकीनहै ट्रेंड करने लगा। माफिया अतीक अहमद को कोर्ट में सजा सुनाए जाने के बाद ही लोग ट्विटर पर सीएम योगी के प्रयासों और प्रतिबद्धता की तारीफ करने लगे। इसकी वजह से #योगीहैतोयकीनहै 4 घंटों तक ट्विटर के ट्रेंडिंग टॉपिक में नंबर वन पर ट्रेंड करता रहा। इसके बाद भी देर रात तक यह हैशटैग टॉप ट्रेंड्स में शुमार रहा। 19 हजार से अधिक लोगों ने इस हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए ट्वीट्स किए।

**इस हैशटैग के साथ-साथ सीएम योगी का सदन में 'माफिया को मिट्टी में मिलाने वाला'वीडियो भी खूब शेयर किया गया। वहीं, अतीक अहमद पर मीम्स की भी बाढ़ आ गई। माफिया के कोर्ट में गिड़गिड़ाने और रोने को लेकर भी अच्छे खासे कमेंट किए गए। अतीक के साथ ही आजम खान को हुई सजा पर भी खूब चर्चा हुई। सीएम योगी के काम के तरीके, इंसाफ को लेकर उनकी प्रतिबद्धता और माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का लोगों ने स्वागत किया।**

### 'गुंडों के लिए काल हैं महाराज'

इस हैशटैग के माध्यम से लोगों ने बेहद दिलचस्प ट्वीट किए। विकास अहीर नाम के एक हैंडल से लिखा गया कि महाराज जी गुंडों के लिए काल हैं। अतीक को आजीवन कारावास की सजा हुई। यह बाबा का राज है। सुधीर मिश्रा ने लिखा, याद रखना योगीजी कुछ कहते हैं तो उस पर तुरंत कार्य शुरू कर देते हैं। बोला था मिट्टी में मिला दूंगा, आज अतीक को उम्रकैद हो गई। योगी देवनाथ ने लिखा, योगीजी के नेतृत्व को धन्यवाद, अंततः यूपी पुलिस उमेश पाल को न्याय दिलाने में सफल रही। प्रीति नागिया ने लिखा कि अतीक को सजा ने साबित कर दिया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। योगी जी को इसके लिए धन्यवाद है।

# अतिक्रमणकारियों द्वारा बाधा उत्पन्न कर ग्राम पंचायत भिलौनी के गौठान के भूमि पर कर लिया है अवैध रूप से कब्जा

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**



मस्तूरी। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भिलौनी में स्थित शासकीय भूमि पर छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना में से गौठान निर्माण कराया गया है।और उसी जमीन पर भी ग्राम पंचायत की सहमति से प्रस्ताव पारित कर शासकीय सार्वजनिक शौचालय तथा शासकीय उचित मुल्य की दुकान निर्माण हेतु नीव खुदाई का कार्य किये जाने पर उप्रान्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले रमेश्वर केवट पिता डेरहा केवट, कृष्णा पिता केजउ राम केवट, हरि राम केवट पित्ता पुनउ राम केवट, अभय कुमार पाण्डेय पिता विष्णु पाण्डेय के द्वारा ग्राम पंचायत पदाधिकारी को गाली गलौच कर मारपीट करने की धमकी देते हुए निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया।जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है तथा बल पुर्वक उपरोक्त शासकीय भूमि को अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के सरपंच उप सरपंच सचिव एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने दो माह पूर्व मस्तूरी तहसील कार्यालय में इसकी शिकायत कि थी, पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के शिकायत पर ध्यान नहीं देने की वजह से अतिक्रमणधारीयों के हौसले बुलंद हो गए हैं और शिकायत होने के बावजूद उसमें अवैध निर्माण कार्य बड़े ही तेजी से कराया जा रहा है। जिसकी वजह से शासन के महत्वपूर्ण महत्वकांक्षी योजनाएं जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो पा रही है। वही इस मामले में मस्तूरी तहसील कार्यालय के नयाब तहसीलदार उमाशंकर लहरें ने जानकारी देते हुए बताया कि उन सभी लोगों को बेदखली का आदेश जारी किया गया है। अगर नियम का पालन नहीं कर रहे हैं तो तत्काल उन लोगों पर उचित कार्यवाही करते हुए शासकीय भूमि से बेदखल किया जाऐगा।

# वीडियो कॉल पर युवती के कपड़े उतवाने की कोशिश में कानपुर का दरोगा सस्पेंड

## दर्ज मुकदमे को खत्म कराने का झांसा देकर वीडियो कॉल पर युवती से निर्वस्त्र होने को कह रहा था दरोगा

**– दरोगा के खिलाफ महिला ने एफआईआर भी कराई दर्ज**

**– पहले भी प्रकाश में आ चुके महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा अभद्रता के कई मामले**

**– अधिकारियों ने शुरू कराई मामले की जांच**



सुनील बाजपेई कानपुर` योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार मैं जहां एक ओर महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान की जिम्मेदारी पुलिस महकमे को दे रखी है। वहीं दूसरी ओर इसी पुलिस महकमे के कुछ लोग महिलाओं के साथ अभद्रता और उनकी इज्जत तार-तार करने की कोशिश करने से भी बाज नहीं आते ।

ऐसा ही एक मामला यहां बिल्हौर थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया जहां एक दरोगा ने एक मुकदमे की जांच के नाम पर वीडियो कॉल पर महिला से अपने पूरे कपड़े उतारने को कहा लेकिन युवती ने ऐसा करने से ना केवल इंकार किया बल्कि दरोगा की शिकायत पुलिस अधिकारियों से कर दी, जिसके बाद दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू करा दी गई है। वैसे यह मामला कानपुर में पैदा नहीं है इसके पहले भी पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता उनके साथ छेड़खानी और बलात्कार के भी मामले पर भी प्रकाश में आ चुके हैं। घटना के बारे में विवरण के मुताबिक बिल्हौर इलाके में रहने वाली एक युवती सुंदरी ( नाम काल्पनिक ) का परिवारिक विवाद को लेकर केस चल रहा है, जिसकी जांच चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह को मिली थी। महिला जब अपना बयान देने चौकी पहुंची तो दारोगा ने कहा कि मैं रात में फोन करूंगा, तब बताना. क

इस पीड़ित महिला का आरोप है कि उसे दारोगा महेंद्र सिंह ने 26 मार्च को आधी रात में 12 बजकर 3 मिनट पर फोन किया। युवती द्वारा लगाए गए आरोपों के मुताबिक , दारोगा ने कहा कि ह्यमैं तुम्हारा केस देख रहा हूं. मैं तुमको वीडियो कॉल कर रहा हूं.ह्व उसके बाद दारोगा ने वीडियो कॉल किया और महिला से कहा कि ह्यअपने कपड़े उतार कर अपना सीना मुझे दिखाओह्व फिर मैं तुम्हारा केस खत्म कर दूंगा.ह्व हालांकि, महिला ने ऐसा करने से मना कर दिया। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की, जिसमें प्रथम दृष्टया महिला के आरोप सही पाए जाने पर दारोगा महेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अब पूरे मामले की एसीपी से जांच भी कराये जाने के साथ ही आरोपी दरोगा के खिलाफ महिला की तरफ से रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

# दो भारी माल वाहक वाहन आपस में टकराये किसी प्रकार की नहीं हुई जनहानि

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**



बालाघाट।(29मार्च) वारासिवनी थाना क्षेत्र जिला परिवहन कार्यालय के पास फोन माल वाहक वाहन की आपस में भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई।हालांकि थोड़ी सी चूक पर बड़ा हादसा हो सकता था वारासिवनी थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। बताया गया कि ये हादसा एक बाइक पर बैठे तीन युवाओं को बचाने के कारण हुआ। ट्रक वाहन क्रमांक सीजी-04 एनवी 9688 का चालक वाहन लेकर बालाघाट की ओर जा रहा था, जो उकवा जाने वाला था। तभी वारासिवनी की ओर जा रहे मेटाडोर क्रमांक एमपी 50 जी 0591 ट्रक से टकरा गया। इससे ट्रक और मेटाडोर का बगल का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

निरीक्षक शंकर सिंह चौहान ने बताया कि ट्रक मालिक रजनीश पिता लीलाप्रसाद अग्रवाल निवासी छोटापारा रायपुर और मेटाडोर मालिक मुकेश पिता श्रीराम अग्रवाल निवासी बालाघाट गोंदिया रोड है। हादसे के बाद दोनों पक्षों ने आपसी रजामंदी कर ली है। हालांकि, दोनों वाहन चालकों के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने पर चालानी कार्रवाई की गई।वाहन चालक ने बताया कि उनका ट्रक उकवा की ओर जा रहा था, तभी आरटीओ कार्यालय के सामने एक निजी स्कूल की छुट्टी हुई,रोड पर अचानक एक बाइक में बैठे तीन विद्यार्थी ट्रक के सामने आ गए, जिन्हें बचाने के लिए मैं अनियंत्रित हो गया और ट्रक गलत दिशा में चला गया और सामने से आ रहे मेटाडोर से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित हैं।

जिले भर में भीड़भाड़ वाले इलाके और शहरों में स्कूलों के छूटने के वक्त भी स्कूलों के पास से भारी वाहन धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। इसे लेकर पूर्व में नो एंट्री के नियम बने थे लेकिन इनका पालन नहीं हो पा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना भी घट सकती है जिसे लेकर लोगों ने यातायात पुलिस से स्कूलों के छूटने के वक्त भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने सहित पुलिस व्यवस्था कराने की मांग की है।

# रोजगार सहायको के हड़ताल पर जाने से पंचायत के कार्य सहित लाडली बहना प्रभावित

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**



बालाघाट।(29मार्च )27 से 31 मार्च तक जिले के सभी रोजगार सहायक सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर चले गए है। सहायक सचिव के पद पर संविलियन की मांग की एकसूत्रीय मांग को लेकर रोजगार सहायकों की हड़ताल का सीधा असर लाडली बहना योजना के पंजीयन, मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य विकास कार्यों पर पड़ेगा।

रोजगार सहायक संघ कार्यवाहक अध्यक्ष बलराम गेवरीकर ने बताया कि लंबे समय से प्रदेश का रोजगार सहायक सहायक सचिव पद पर संविलियन की मांग सरकार से कर रहा है, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसी मांग को लेकर प्रदेश रोजगार संगठन ने नरसिंहपुर से प्रतिकात्मक तौर से मामा-मामी दर्शन यात्रा निकाली। जो 5 अप्रैल को भोपाल पहुंचेगी। जहां मुख्यमंत्री को प्रदेश के रोजगार सहायक अपनी मांगों से अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में जिले के रोजगार सहायक भी शामिल होंगे।

जिले में सभी जनपद पंचायत सीईओ का रोजगार सहायकों ने सामूहिक अवकाश का ज्ञापन सौंपा। बालाघाट जनपद पंचायत में सीईओ गायत्री सारथी को बलराम गेवरीकर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान जनपद पंचायत क्षेत्र के पंचायतों में कार्यरत रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# 52 आवेदक की समस्या को जनसुनवाई में सुनकर किया गया समस्या निवारण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(29 मार्च )हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में 52 आवेदक अपनी समस्यायें लेकर आये थे।

जनसुनवाई में तिरोड़ी तहसील के ग्राम बम्हनी का सुभाष कुमार टेटे शिकायत



लेकर आया था कि शासकीय गुरूकुल हायर सेकेंडरी स्कूल बम्हनी में उच्च शिक्षक के पद पर पदस्थ इन्द्रकुमार गौतम द्वारा स्कूल के सामने गुड़ बनाने का कारखाना खोला गया है। यह कारखाना राजीव सागर परियोजना, सिंचाई विभाग की जमीन पर खोला गया है। शिक्षक गौतम द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से गुड़ का कारखाना चलाया जा रहा है। अतः शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाये। ग्राम मगरदर्रा का नरेन्द्र सरोते एक साल से दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर आया था।

जनसुनवाई में लालबर्रा तहसील के ग्राम लवादा के एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला के शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शिकायत लेकर आये थे कि उनकी शाला को वर्ष 2022-23 में एकीकृत मद एवं अन्य मदों की कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है, जबकि अन्य शालाओं को यह राशि प्राप्त हो चुकी है। अतः लवादा की शाला को राशि नहीं मिलने की जांच की जाये और शाला को राशि उपलब्ध करायी जाये। बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत कटंगी के सरपंच, उप सरपंच एवं पंच शिकायत लेकर आये थे कि उनकी पंचायत के सचिव देवेन्द्र मानेश्वर द्वारा जनहित के कार्यों की अनदेखी की जाती है और राजनीति में लिप्त रहा जाता है। आम जन के साथ उसका व्यवहार भी ठीक नहीं है और कभी समय पर पंचायत नहीं आता है। अतः सचिव देवेन्द्र मानेश्वर को अन्य पंचायत में स्थानांतरित किया जाये।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील के ग्राम कायदी की बालिका कुमारी प्रगतिनाथ राउत शासकीय कार्यालय में कार्य देने की मांग लेकर आयी थी। प्रगति का कहना था कि वह गरीब परिवार से है और अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। उसने बी.एस-सी. एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा किया हुआ है। उसकी मां के आहारनाल में केंसर हो गया है ।ऐसी स्थिति में उसके घर पर कोई भरण पोषण करने वाला नहीं है। अतः उसे किसी भी शासकीय कार्यालय में कोई काम दिलाया जाये। खैरलांजी तहसील के अंतर्गत नवीन माध्यमिक शाला दुधारा के बच्चों के पालक शिकायत लेकर आये थे कि शाला की शिक्षिका अंबिका रहांगडाले द्वारा बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। अतः शिक्षिका अंबिका रहांगडाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये।

# महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**



बालाघाट।(29मार्च )महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा और जिपं सीईओ विवेक कुमार आईएएस के मार्गदर्शन में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बालाघाट (डीएटीसी) इन गतिविधियों और कार्यक्रमों को मप्र पर्यटन बोर्ड के निर्देशन में संचालित कर रहा है। इसी कड़ी में आज 28 मार्च को शहर के इतिहास एवं पुरातत्व शोध संग्रहालय में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से संग्रहालय अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार, शिव प्रकाश त्रिपाठी, युवा मोटिवेटर अजय ठाकुर, पर्यटन प्रबंधक एमके यादव, कॉलेज छात्राएं और शोधार्थी शामिल हुए।

संग्रहालय अध्यक्ष गहरवार और त्रिपाठी ने अनुभव बताने के साथ ही पुरातत्व क्षेत्र की सारगर्भित जानकारी दी। अजय ठाकुर और एमके यादव ने बताया कि पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों में कार्यशाला में पर्यटन प्रबंधक ने बताया कि मप्र टूरिज्म बोर्ड राज्य में 100 से अधिक संस्थाओं व पेशेवरों को अपने साथ जोड़कट्ट महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल की अवधारणा को बढ़ावा देने प्रतिबद्ध है। जिसके माध्यम से स्थानीय महिलाओं का महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, कौशल संवर्धन कर पर्यटन स्थलों को महिला पर्यटकों की सुरक्षा एवं अनुकूल बनाने महिलाओं की आकांक्षा एवं आत्म विश्वास को इस प्रकार बढ़ाने कि वे बिना किसी भय व सुरक्षा की भावना के साथ पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकें। स्थानीय महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, लड़कियों व महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण प्रदान करने, पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने सामुदायिक जनभागीदारी बढ़ाने, अतिथि देवों भव को महिला पर्यटकों की सुरक्षा के दृष्टिगत और अधिक मजबूत और सार्थक बनाने के उद्देश्य पर कार्य किया जा रहा है। इन्होंने वीजन बताते हुए कहा कि मप्र के पर्यटन स्थलों में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय महिला पर्यटकों को स्वतंत्रता पूर्वक एवं भयमुक्त वातावरण में पर्यटन का अवसर उपलब्ध कराना है।

# नवरात्रि के छठवें दिन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयंत मनहर मां डिडिनेश्वरी देवी मंदिर मल्हार के चरणों में मात्था टेका ज्योति कलश दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। नवरात्रि के पावन अवसर पर जगह जगह मंदिरों में भक्ति का माहौल है। मंदिरों में मां भगवती की पूजा अर्चना धूमधाम से हो रही है व उत्सव का माहौल है। इसी कडी.में नवरात्रि के छठवें दिन मस्तुरी क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जयंत मनहर अपने कार्यकताओं के साथ नगर पंचायत मल्हार पहुंच कर जगत जननी आदिशक्ति मां डिडिनेश्वरी पार्वती देवी के दरबार में मत्था टेक पुजा अर्चना कर समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों, क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की व ज्योति कलश दर्शन कर परिक्रमा करते हुए सभी की मनोकामना पूर्ति के लिए ज्वाला मां से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयंत मनहर के साथ मल्हार नगर के ब्लॉक महामंत्री पुतन दुबे, वरिष्ठ पत्रकार संजीव पान्डेय,पंकज



विशाल,असंगठित कामगार कांग्रेस महासचिव गणेशदत्त तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी रामहरि कैवर्त, मंदिर समिति व स्थानीय जनप्रतिनिधि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर श्री दुबे द्वारा प्रतिदिन की जा रही है समीक्षा

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना : जिले में अब तक 17 हजार से अधिक महिलाओं के भरे गए ऑनलाईन आवेदन

रायसेन। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए पात्र महिलाओं के ऑनलाईन फार्म भरने की प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार जिले के गॉवों तथा नगरों के वार्डो में कैम्प लगाकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं के ऑनलाईन फार्म भरे जा रहे हैं। जिले में लाड़ली बहना योजना के तहत 27 मार्च को शाम 06 बजे तक कुल 17102 ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं।

जिले के नगरीय निकायों के वार्डो तथा गॉवों में आयोजित किए जा रहे कैम्पों में आने वाली महिलाओं को परेशानी ना हो तथा उन्हें अधिक समय तक इंतजार ना करना पड़े, इसके लिए कैम्पों में फार्म भरने के लिए अधिक संख्या में कम्प्यूटर डेस्क स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही बैठक व्यवस्था, पेयजल सहित हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा प्रतिदिन लाड़ली बहना योजना अंतर्गत फार्म भरे जाने की कार्यप्रगति की मॉनीटरिंग तथा समीक्षा की जा रही है। साथ ही जनपद और निकाय स्तर पर भी मॉनीटरिंग की जा रही है।

लाड़ली बहना योजना की नोडल अधिकारी तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया ने बताया कि कलेक्टर श्री दुबे के निदेर्शानुसार जिले में कैम्पों की संख्या में वृद्धि की जा रही हैं। दिनांक 27 मार्च को जिले भर में 1237 कैम्प लगाए गए तथा 10 हजार से अधिक ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं। जिले में अभी तक कुल 17102 ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत सभी पात्र महिलाओं के आवेदन भरे जाने के लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। फार्म भरे जाने के लिए जिला, जनपद तथा निकाय स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही सेक्टर अधिकारियों की भी ड्यूटी गई है, जिनके द्वारा कैम्पों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिला स्तर से प्रतिदिन सेक्टर अधिकारियों से कैम्पवार जानकारी लेते हुए समीक्षा की जा रही है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 29 मार्च को एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे अनुदान राशि।

*36 इकाईयों को मिलेगी आठ करोड़ 47 लाख रू से अधिक अनुदान राशि।*

रायसेन। एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 29 मार्च को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की एमएसएमई इकाईयों को सिंगल क्लिक से अनुदान राशि वितरित की जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत अनुदान की पेंडेंसी को समाप्त कर मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा एमएसएमई इकाईयों को यह सौगात प्रदान की जा रही है। रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा व सुना जाएगा। रायसेन जिले की 36 इकाईयों को भी मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आठ करोड़ 47 लाख 49 हजार 6 रूपए की अनुदान राशि सिंगल क्लिक से वितरित की जाएगी। इससे इकाईयों को उद्योग संचालन में आ रही कठिनाईयों से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री की इस सौगात का औद्योगिक संस्थानों और लाभान्वित इकाईयों द्वारा स्वागत कर धन्यवाद दिया गया है।

# मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें : श्री राजन

## *निर्वाचक नामावली को प्रभावी बनाने हुई कार्यशाला में दिये निर्देश*

**समाज जागरण**

रायसेन।एमपी के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें। मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए एक और मौका उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इसका विशेष ध्यान रखा जाये कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो। दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की विशेष रूप से जाँच करें और मौके पर जाकर उनके आधार नंबर/ समग्र आईडी नंबर प्राप्त करें। साथ ही समान फोटो वाले मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार विलोपन और संशोधन की कार्रवाई करें। ऐसे मतदाता जिनकी फोटो स्पष्ट नहीं है उन मतदाताओं से संपर्क कर अपने मोबाइल से संशोधित फोटो अपलोड करें।

निर्वाचक नामावली को अधिक प्रभावी और बेहतर बनाने को लेकर आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रअनुपम राजन ने किया। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचन पर्यवेक्षक एवं बीएलओ के सुझाव लिए गए।

### मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी बीएलओ एप से दर्ज करें,,,,,

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर मतदान भवन की लेटेस्ट फोटो अपलोड कर मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी (अच्छा/बुरा) बीएलओ एप से दर्ज की जाये।

### एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ऐसे युवा जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र हैं। इसके अलावा छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़े, जिससे कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित न रह जाए।

### महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने आँगनवाड़ी कार्यकर्ता की लें मदद

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने विशेष अभियान चलाया जाए। पुरूष मतदाता की तुलना में जहाँ महिला मतदाताओं की संख्या कम है, वहाँ महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने आँगनवाड़ी, आशा, ऊषा कार्यकर्ता की मदद लें।

### हायर सेकंडरी स्कूल और महाविद्यालय में लगाएँ कैंप

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 17 वर्ष से अधिक की आयु पूरी कर चुके युवा भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। ऐसे युवा अधिक से अधिक आवेदन करें, इसके लिए हायर सेकंडरी स्कूल और महाविद्यालयों में विशेष शिविर लगाया जाए। कार्यशाला में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रबसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रप्रमोद शुक्ला सहित रायसेन एवं अन्य जिलो के निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी शामिल हुए।

# मुसाबनी में बसंती पूजा की हो रही आयोजन

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),28 मार्च 2023:- मुसाबनी नंबर 3 में बसंती पूजा करोना काल के बाद इस वर्ष बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है,यहां पूजा कमेंटी द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल निर्माण कराया गया है ,बेहतरीन विद्युत सज्जा श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है, पूजा पंडाल में माता के विभिन्न रूप (नवरूप) दशार्या गया है। आज सप्तमी पूजा में श्रद्धालु सप्तमी पूजा का आयोजन किया गया। आगामी काल महा अष्टमी पूजा है ,जिसमें मुसाबनी एवं आसपास के ग्रामीण महिला- पुरुष की भीड़ देखने को मिलेगी अष्टमी पूजा में पुष्पांजलि देकर ,प्रसाद ग्रहण करते हैं, पंडित



मुरारी मोहन मिश्रा, देवव्रत पांडा,अमित महापात्र आदि द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भक्ति भाव से माता बसंती की पूजा अर्चना संपन्न कराया जा रहा है। मुसाबनी नंबर एक में भी बसंती मंदिर में, बसंती पूजा का आयोजन, बरसो से की जा रही है। बसंती पूजा भी दुर्गा पूजा के जैसे सष्टि ,सप्तमी, अष्टमी ,नवमी एवं दशमी पूजा धूमधाम से मनाया जाता है, इसे चैती दुर्गा पूजा भी कहा जाता है। इस सर्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के संरक्षक सरदार राजू सिंह, अध्यक्ष- अजीत महंती, महासचिव- जयंत घोष, सचिव- सोनू श्रीवास्तव, संदीप पटनायक ,संजय धल, सुजीत दास, मीन बहादुर, प्रवीर बारीक, संजय पांडे, वीरेंद्र पांडे अर्चना मंडल, राजकुमार सेनापति आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने की इस्तीफा देने की पेशकश, जानिए क्या है वजह

**संजय सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी समाज जागरण दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड ) 28 मार्च 2023:-कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त हो जाने का मामला अब काफी तूल पकड़ता जा रहा है. पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ता और समर्थकों में काफी आक्रोश है. जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने इसे लेकर विरोध जताते हुए पार्टी के सभी विधायक और सांसद से इस्तीफा देने की पेशकश की है और कहा कि सबसे पहले वो अपना इस्तीफा देंगे. बता दें कि जब से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त हुई है, तब से ही पार्टी में काफी उबाल है. पूरे देश में



पार्टी के कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन और आंदोलन तेज कर दिया गया है. पार्टी के कार्यकर्ता समर्थक चेतावनी पर उतर आए हैं. जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने इस प्रकरण पर कहा कि राहुल गांधी देश के गांधी और देश की आवाज है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के गांधी हैं और सब कुछ देश के लिए न्योछावर कर दिया है. सिर्फ बोलने से सजा मिल जाती है. विधायक इरफान अंसारी में भाजपा से और देश के प्रधानमंत्री से राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की और कहा कि राहुल गांधी को बाइज्जत संसद में बैठाने का काम करें, अन्यथा पार्टी के सभी सांसद और विधायक इस्तीफा दे देंगे.

# उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ जादूगोड़ा में चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ समापन

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), 28 मार्च 2023:- छठ लोक गीत से जादूगोड़ा



-धर्मडीह का महौल हुआ भक्तिमय, उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ जादूगोड़ा में चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का आज मंगलवार को समापन हो गया इधर इस मौके पर छठ घाट ईटा_ भट्ठा में भारी संख्या में धर्मडीह , जादूगोड़ा मोड़ चौक, गांधी मार्केट नौरंग मार्केट की छठ व्रती महिलाए अर्घ्य देने पहुंची व उगते सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर परिवार समेत क्षेत्र की खुशहाली की कामना की व महाप्रसाद का वितरण किया। लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय_ खाय के साथ शुरू हुआ यह पर्व 36 घंटा छट व्रती निर्जला व्रत रखकर इस पूर्व को मनाती है व अपने परिवार सहित क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जादूगोड़ा ,धर्मडीह,6 नरवा पहाड़, राखा कॉपर में छठ लोक गीत से गानों से माहौल भक्तिमय हो गया।

# जिला के विभिन्न प्रखंडों में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकताओं के द्वारा राम जन्मोत्सव समारोह पूर्वक आयोजित किया गया : विहिप पलामू

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 28 मार्च 2023:- विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय कार्यक्रम के अंतर्गत और प्रांत नेतृत्व के निदेर्शानुसार पलामू जिला के विभिन्न खंडों और उपखंडों में राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम लगातार समारोह पूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं। आज पड़वा प्रखंड के लामी पतरा गांव में स्थित देवी मंदिर में बजरंग दल के नगर संयोजक संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा आज ही मेदनीनगर, पाटन, नावाबाजार, चैनपुर, सतबरवा और तरहसी प्रखंड में भी राम जन्मोत्सव विभिन्न जगहों पर आयोजित किए जाने की सूचना मिली है। जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र ने बताया कि पिछले 22 मार्च 2023 से विभिन्न खंडों और उप खंडों में राम जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जो आगामी 05 अप्रैल 2023 तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि आगामी 06 अप्रैल 2023, हनुमान जयंती के दिन जिला भर के सभी खंड और उपखंड में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और हनुमान जी की सामूहिक आरती विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संदीप कुमार गुप्ता, बिपिन प्रसाद, सुनील कुमार, राजा साव , पिंटू प्रसाद, दिलीप प्रसाद, भगवान साव, रंजीत प्रसाद, मंजीत साव, शिवम गुप्ता, अमन प्रसाद, राहुल प्रसाद, अमित तिवारी, नागेंद्र त्रिपाठी, करण प्रसाद, अमन राज, अंश सिंह, राहुल कुमार वर्मा, आकाश सिंह, राज गुप्ता, हिमांशु सिंह, सौरभ रंजन, अभिषेक सिंह, सोनू कुमार, सौरव शर्मा, चंदन शर्मा, हेमंत चौरसिया, पियूष सिन्हा, आयुष सिंह, सोनू ठाकुर, मनीष सिंह, मयंक सिंह,आनंद चौरसिया, लक्ष्मी कांत सोनी,अनिल राम, चंदू जी, प्रवीण पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, और मनीष पाण्डेय इत्यादि की सहभागिता रही।

# जयप्रकाश उद्यान मुख्य सड़क निर्माण हेतु अपर नगर आयुक्त से मिले पुरेंद्र

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 28 मार्च 2023 :झटाटा कांड्रा मुख्य मार्ग से जयप्रकाश उद्यान (गेट नंबर- 1) से होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर आदित्यपुर विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम श्री गिरिजा शंकर प्रसाद से मिलकर नगर विकास विभाग से सड़क निर्माण मद में प्राप्त निधि, आंतरिक संसाधन या 15वें वित्त आयोग की राशि से सड़क निर्माण किए जाने की मांग की और तत संबंधी एक ज्ञापन भी सौंपा।

अपर नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के उपरांत कहा कि उक्त सड़क के निर्माण में अत्यधिक फंड के आवश्यकता है' उन्होंने कहा कि जयप्रकाश उद्यान मुख्य पथ के निर्माण हेतु शीघ्र ही प्राक्कलन बनाया जाएगा' एवं 15 में वित्त की राशि से सड़क निर्माण हेतु एचएलएमसी नगर विकास विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों जयप्रकाश उद्यान मुख्य सड़क के निर्माण हेतु आदित्यपुर विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त, सरायकेला खरसावां से मिलकर डीएमएफटी फंड से सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की थी' उपायुक्त ने जिले में डीएमएफटी फंड में कम राशि होने का हवाला देते हुए अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम को उक्त सड़क निर्माण हेतु पहल करने



को कहा था।

अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम ने उपायुक्त महोदय से 15वें वित्त आयोग की राशि से आने वाले दिनों में उपरोक्त सड़क बनाने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही थी और स्वीकृति हेतु एचएलएमसी में भेजने की भी बात कही थी '

प्रतिनिधिमंडल में पुरेंद्र नारायण सिंह के अलावे जेएमएम उपाध्यक्ष महेश्वर महतो, शंभू प्रसाद यादव, शैलेंद्र कुमार, जवाहरलाल सिंह, एसएन यादव, उमाशंकर राम, रामजी शर्मा, एसडी प्रसाद, प्रमोद गुप्ता, देव प्रकाश, दिलीप मंडल, भुवनेश्वर यादव, संतोष कुमार सिंह, अयोध्या गिरी, विमल दास, श्याम नारायण कुमार, मिथिलेश झा, पीके झा, मुकेश गिरी, विनोद जायसवाल, ऋषि गुप्ता शामिल थे।

ज्ञातव्य है कि पुरेंद्र नारायण सिंह के अथक प्रयास से वन प्रमंडल पदाधिकारी, सरायकेला वन प्रमंडल ने पत्रांक- 402, दिनांक- 28.2. 2023 द्वारा कुछ शर्तों के साथ टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग से जयप्रकाश उद्यान (गेट नंबर- 1) से होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी।

पुरेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि शीघ्र ही जयप्रकाश उद्यान मुख्य सड़क के निर्माण हेतु आदित्यपुर नगर निगम अगर पहल नहीं करेगा तो जयप्रकाश नगर (उद्यान) के निवासियों के साथ बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# 10 प्रखंडों में मिलेगी मोबाइल एंबुलेंस की सेवा, सूची जारी

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन को हंस फाउन्डेशन द्वारा 05 मोबाइल एम्बुलेंस उपलब्ध कराया गया है। एम्बुलेंस के माध्यम से ग्रामीणों क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु प्रखंडवार सूची जारी करते हुए उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा सिविल सर्जन एवं संबंधित प्रखडों के एमओआईसी को आपसी समन्वय के साथ जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवायें पहुंचाने का निर्देश दिया गया है । फिलहाल ये 05 मोबाइल एंबुलेंस 10 प्रखंडों में सेवायें देंगी ।

प्रखण्डवार एम्बुलेंस प्रतिनियुक्ति की सूची निम्नवत है-

1. JH05 DK-3009- (चालक) प्रदीप गौर- 7667073557- पोटका एवं डुमरिया
2. JH05 DK 2040- (चालक) संजय प्रसाद- 8651772381- पटमदा एवं बोड़ाम
3. JH05 DK-2906- (चालक) वृकेश कुमार- 9060430221- घाटशिला एवं मुसाबनी
4. JH05 DK 6660- (चालक) राजेश सिंह- 9031385833- धालभूमगढ़ एवं गुड़ाबांदा
5. JH05 DK-2020- (चालक) अंकित गुरूंग- 7033748937- बहरागोड़ा एवं चाकुलिया

# एएसआई अभिमन्यु सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू झारखंड 28 मार्च 2023:- मेदिनीनगर सदर प्रखंड के अंतर्गत कौड़िया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्कूल में पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह के नेतृत्व में एएसआई अभिमन्यु सिंह की उपस्थिति में स्कूल में बच्चों को भेजा कर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया इसमें बच्चों का यह जानकारी दिया गया कि गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें गाड़ी के सभी तरह का कागजात रखें ड्राइविंग लाइसेंस इंसुरेंस सभी तरह का काम याद रखना अनिवार्य है इस मौके पर एएसआई अभिमन्यु सिंह ने बच्चे और बच्चियों को जानकारी देते हुए कहा कि अपने-अपने घर में जाकर अगल-बगल लोग को समझाएं आए



दिन सड़क पर दुर्घटना 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को बाइक मिल जाता है नहीं उनके पास सोच है नासमझ है रोड पर उन्हें कितना स्पीड में कब चलना है उन्हें पता ही नहीं चलता है इसके चलते रोड में आजकल एक्सीडेंट की संख्या बढ़ गई उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने कहा कि शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर है कौड़िया पंचायत जाकर जागरूक जागरूक जरूरी है स्कूली बच्चों को बहुत आसानी से सड़क सुरक्षा के बारे में समझाया इस मौके पर शिक्षक राम नरेश यादव शिक्षक जाहिद अंसारी अब्दुल अली हसन स्वरूप कुमार काफी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे

# रामनवमी पूजा हेतु निकाली गई 51 बालिकाओं की कलश यात्रा

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला (झारखंड), 28 मार्च 2023 : नीमडीह थाना के निकट स्थित श्री श्री बजरंगबली मंदिर में रामनवमी पूजा हेतु मंदिर परिसर से रघुनाथपुर स्थित तालाब तक 51 बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। तालाब से घट में जल लाकर मंदिर में पुजारी विनय पांडे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। पूजारी विनय पांडे ने कहा कि हिंदू शास्त्रों के अनुसार धरती पर असुरों का संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेतायुग में श्रीराम के रूप में मानव अवतार लिया था। भगवान राम को मयार्दा



पुरुषोत्तम कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने अपने जीवनकाल में कई कष्ट सहते हुए भी मर्यादित जीवन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। रामनवमी में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। भक्तों में आस्था है कि भगवान श्रीराम एवं उनके परम भक्त हनुमान जी के श्रद्धापूर्वक पूजन करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। रामनवमी पूजा के उपलक्ष्य में पुरे रघुनाथपुर भगवा झंडा से पट गया है और वातावरण भक्तिमय बन गया है।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),28मार्च 2023:- मुसाबनी प्रखंड के सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र केंदाडिह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है. आज (मंगलवार)को प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम और बीडीओ सीमा कुमारी ने फीता काटकर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया. स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार के मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है. जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां भी दी जा रही हैं. मौके पर सीएएचसी प्रभारी डॉ. सुंदर लाल मार्डी, डॉ. जया अग्रवाल, डॉ. उषा अग्रवाल, डॉ. सोमा डे और सीएचसी स्वास्थ्य कर्मी मरीजों के स्वास्थ्य जांच में जुटे हैं.

# पलामू सांसद ने लोकसभा में पलामू गढ़वा में रेलवे क्रॉसिंग के मामला को उठाया

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 28 मार्च 2023:- सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा में कतिपय रेलवे क्रासिंग पर छ.ल्ट.र निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया।

श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कतिपय रेलवे क्रासिंग पर छ.ल्ट.र बनाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि इन स्थानों की रेलवे क्रासिंग अधिकृत नही है, अतः रेलवे मंत्रालय इन स्थानों पर छ.ल्ट.र बनाने के लिए इच्छुक नही है और मंत्रालय का कहना है कि राज्य सरकार चाहे तो इन स्थानों पर Composite Scheme के अन्तर्गत L.H.S



बना सकती है। उल्लेखनीय है कि एक L.H.S बनाने में 4 करोड़ से 5 करोड़ की अनुमानित राशि लगती है। रेलवे या राज्य सरकारों के लिए यह बहुत बड़ी राशि जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए अधिक नही लगती है। पलामू सांसद ने कहा कि फिर भी मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से माँग करता हूँ कि आकांक्षी जिलों के लिए यह कार्य रेल मंत्रालय के द्वारा कर दिया जाय। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे छ.ल्ट.र की आवश्यकता पलामू जिला के लालागाढ़ , पंजरीकला, डाली, कजरात नावाडीह, टोला बुढवापीपर सुआ, बखारी एवं गढ़वा जिला के सोनपुरवा, अहिरपुरवा, मेराल कुम्भी में है। मंत्री महोदय कृपया इस पर ध्यान देने का कष्ट करेंगे।

# ओवरलोड बिचाली के चलते लगी आग।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर ,जामताड़ा (झारखण्ड)फतेहपुर बाजार के हाई स्कूल समीप शिव मंदिर के पास बिचाली गाड़ी में आग लगी। बता दे गाड़ी में बिचाली ओवरलोड किया हुआ था । जिस कारण बिचाली गाड़ी में बिजली तार सट जाने से आग लग गई। सबका नजर पड़ा , बड़ा हादसा टला। हालांकि फतेहपुर



के ग्रामीणों के भारी मशक्कत से बिचाली गाड़ी में लगी पर काबू पाया गया। युवकों ने घर से बालटी से पानी ला ला कर आग को किसी तरह बुझाया गयी। लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ था ओवरलोड गाड़ियों पर भी प्रशासन को रोक लगाना चाहिए, अन्यथा कभी भी बड़ा हादसा हो सकती है।

# नीमडीह : प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला (झारखंड), 28 मार्च 2023 : झारखंड सरकार के स्वास्थ्य



विभाग के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। विधायक सविता महतो, बीडीओ शंकराचार्य सामड, उप प्रमुख शेफाली महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 के सी मुंडा व ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने फीता काट कर और द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के महत्वाकांक्षी योजना है कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधा पहुंचे। ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने कहा कि सरकार की यह कार्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की निशुल्क चिकित्सा सेवा की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह सरदार, जुनेश, दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

# विधायक सविता महतो ने पैड बैंडिंग मशीन का फीता काट कर किया उदघाटन

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

सरायकेला (झारखंड), 28 मार्च 2023 : नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संगठन (नोवा) द्वारा ग्लोबल सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत पर्यावरण शिक्षा स्वास्थ्य व मेनस्टूयल हाइजीन के क्षेत्र में विश्व के अलग अलग स्थानों पर सामाजिक भागीदारी का लगातार प्रयास किया जा रहा है। मासिक धर्म स्वच्छता व विषयगत जागरुकता को सुनिश्चित करने हेतु बिहार झारखण्ड में अब तक लगभग 400 गाँव के बालिका विद्यालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन नोबा जीएसआर के द्वारा लगाया जा चुका है।

इसी क्रम में सरायकेला में आयोजित



हो रहे विभिन्न प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में पैड वेडिंग मशीन नोबा जीएसआर के द्वारा लगाया जा रहा है। इस क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह में पैड वेडिंग मशीन लगाया गया जिसका लोकार्पण विधायक ईचागढ़ सविता महतो ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर नीमडीह के बीडीओ शंकराचार्य सामड, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 के सी मुंडा, ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो आदि उपस्थित थे। मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा कि इस विषय पर यहाँ के लोगों में अभी और जागरूकता फैलाने की जरूरत है।

# पलामू उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड)28 मार्च 2023 :-पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया.जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया.जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया. जनता दरबार में चैनपुर से आयी नेहा कुमारी ने उपायुक्त के समक्ष अपने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किये जाने को लेकर शिकायत किया.उन्होंने डीसी से कहा कि दहेज की मांग को लेकर उनके ससुराल वाले उससे मारपीट करते हैं इसकी शिकायत उसने चैनपुर थाने व महिला थाने में की लेकिन अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है इसपर उपायुक्त ने महिला थाना प्रभारी को कॉल कर एफआईआर दर्ज करने की बात कही.इसी तरह लघु सिंचाई मेदनीनगर प्रमंडल के रिटायर्ड जंजीरवाहक दिनेश प्रसाद सिंह ने उपायुक्त को बताया कि महालेखाकार रांची द्वारा उनको सेवानिवृत्ति के उपरांत उपादान की स्वीकृति प्रदान किया गया है परंतु कोषागार पदाधिकारी पलामू द्वारा स्वीकृति आदेश की कोषागार प्रती गुम हो जाने के कारण उनका भुगतान लंबित है.अतः उन्होंने उपायुक्त से कार्रवाई करते हुए भू-अर्जन विभाग के अमीन को बुलाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही.इसी तरह सेवानिवृत्ति शिक्षक उमेश प्रसाद चौधरी ने भी उपायुक्त से रिटायरमेंट के पश्चात पेंशन व अन्य पावना नहीं मिलने की शिकायत की जिसके बाद उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को उचित कार्रवाई करने की बात कही.



उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन


जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने सदर सीओ,जिला शिक्षा अधीक्षक,मनातू सीओ, हुसैनाबाद एसडीओ विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।इसी तरह आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया.

अपने उपादान भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी को अपने कार्यालय में बुलाकर रिटायर्ड कर्मी के उपादान भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया.इसी तरह छतरपुर से आयी मालती देवी ने कहा कि उनका एकमात्र मकान एनएच 98 के नवनिर्माण सड़क के क्षेत्र में आ गया है जिसका पुनः मूल्यांकन की आवश्यकता है उन्होंने डीसी से इस विषय पर पुनः मूल्यांकन हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने त्वरित

# बीडीओ साधुचरण देवगम, प्रमुख गंगामुनी हांसदा ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया.

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),28 मार्च 2023:- डुमरिया प्रखंड के सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. बीडीओ साधुचरण देवगम, प्रमुख गंगामुनी हांसदा और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया. इस स्वास्थ्य मेले में सभी प्रकार के मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाइयां दी गई. इस दौरान बेहतर काम करने वाली एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि बसंत मदिना, बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के, उप प्रमुख चैतन मुर्मू, बीईईओ नंद किशोर तिवारी, थाना प्रभारी संजीवन उरांव मुखिया तपन कुमार मुर्मू, पंसस पार्वती हेंब्रम, सीएचसी प्रभारी डॉ. दुर्गा चरण मुर्मू, डा. श्याम सोरेन, डॉ. कल्याण महतो, डॉ. विनय भुषण तिवारी, डॉ. सुजीत झा, डॉ. इरफानुल्लाह मौजूद थे.

# मनरेगा योजना मे jee कुन्दन दास ने मेनेरेगा जोयना में अपना मनमर्जी से कम कर रहे हैं

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो चिफ गौतम ठाकुर जामताड़ा झारखंड**

जामताड़ा जिला अंतर्गत नाला प्रखंड क्षेत्र में अबैद रुप से मनरेगा योजना में काम चल रहे हैं जामताड़ा जिला अंतर्गत नाला प्रखंड क्षेत्र कुछ कूप निर्माण व एक पशु शेड में बिचौलिया व विभाग की मिलीभगत से गड़बड़ी करने आरोप लगाया है। jee कुन्द दास के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई नहीं किया जाईगा जो नाला प्रखंड में करीब 8 साल से नाला में ही कार्यरत हैं जो कि। इस संदर्भ मे उप प्रमुख एवं प्रमुख को मोबाइल पर संपर्क कर पर बताया गया कि नाला के कुछ योजनाओं की जांच नहीं किया गया। जामताड़ा जिला अंतर्गत नाला प्रखंड क्षेत्र में मनेगा में गड़बड़ी किया जा रहा है, jee कुन्दन। दास के द्वारा नाला प्रखंड क्षेत्र करीब 23 पंचायत में से सिर्फ 9 पंचायत को पेमेंट दिया है। जो कि अभी तक 14 पंचायत में पेमेंट नहीं मिला है कुन्दन दास द्वारा नाला प्रखंड क्षेत्र में मनेगा में गड़बड़ी किया जा रहा है उप प्रमुख बोम मंडल ने कहा कि मनरेगा योजना में अबैद रुप रिसबत ले कर काम। किया जाता है जिसमें कोई भी अधिकारी अभी तक कारबाई नहीं किया गया